https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

Scan to Subscribe

वर्ष: 4 । अंक: 247 जयपुर, रविवार, 17 अगस्त, 2025 । भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-नवमी, विसं 2082 पृष्ठ: 10 । मूल्य: 3.00

## जरूरी खबर

### शुभांशु आज भारत लौटेंगे, पीएम नरेंद्र मोदी से मिलेंगे



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ऐतिहासिक यात्रा करने वाले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला रविवार को भारत लौटेंगे। वह पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे और इसके बाद लखनऊ जाएंगे। शुक्ला 25 जून को एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतरिक्ष गए थे और 18 दिन तक आईएसएस पर रहे। उन्होंने अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन समेत अन्य साथियों के साथ कई प्रयोग किए। शुक्ला ने इंस्टाग्राम पर भावुक पोस्ट कर भारत लौटने को लेकर उत्साह जताया। उम्मीद है कि वह 22-23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह में भी हिस्सा लेंगे।

### उपराष्ट्रपति चुनाव NDA का उम्मीदवार आज होगा फाइनल

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए उम्मीदवार का नाम 17 अगस्त को फाइनल होगा। भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक रविवार शाम 6 बजे होगी, जिसमें नाम पर मुहर लगने की संभावना है। उम्मीदवार 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेगा। इस मौके पर एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे। वहीं, विपक्षी गठबंधन INDIA ब्लॉक की बैठक 18 अगस्त को होगी, जिसमें साझा उम्मीदवार पर चर्चा होगी। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान और मतगणना 9 सितंबर को होगी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

### भारत के लिए बड़े बदलावों का खाका... पीएम ने की ऐतिहासिक घोषणाएं, अब तक का सबसे बड़ा संबोधन

# मोदी ने युवाओं से आत्मनिर्भर भारत निर्माण में योगदान का किया आह्वान

**बेधड़क।** नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से दिए गए अपने सबसे लंबे 103 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं से देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में योगदान देने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीय 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए कार्यरत हैं और इसका आधार आत्मनिर्भरता ही है। उन्होंने युवा वैज्ञानिकों, अभियंताओं और पेशेवरों से आग्रह किया कि भारत को अपने लड़ाकू विमानों के लिए स्वदेशी जेट इंजन बनाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने अनुसंधान, दवा निर्माण और स्टार्ट-अप नवाचारों पर जोर देते हुए कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में कार्यरत 300 से अधिक स्टार्ट-अप युवाओं की क्षमता का प्रमाण हैं। उन्होंने युवाओं से खाद उत्पादन, सोशल मीडिया और डिजिटल मंचों में स्वदेशी विकल्प बनाने का आह्वान किया।



### जीएसटी सुधार होगा दिवाली उपहार

उन्होंने घोषणा की कि इस दिवाली पर अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का अनावरण किया जाएगा। इसके तहत आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स घटेंगे और एमएसएमई, स्थानीय विक्रेताओं तथा उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा।

### पीएम विकसित भारत रोजगार योजना

रोज़गार सृजन के लिए प्रधानमंत्री ने 1 लाख करोड़ रुपए की पीएम विकसित भारत रोज़गार योजना शुरू की। इसके अंतर्गत नए रोजगार पाने वाले युवाओं को प्रति माह 15,000 रुपए मिलेंगे।

### ऊर्जा स्वतंत्रता और समुद्र मंथन

पेट्रोल, डीजल और गैस पर आयात निर्भरता को चुनौती बताते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय डीपवाटर अन्वेषण मिशन की शुरुआत की। साथ ही सौर, हाइड्रोजन, जलविद्युत और परमाणु ऊर्जा पर बड़े विस्तार की घोषणा की।

### 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था

2047 तक भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के लिए प्रधानमंत्री ने एक समर्पित सुधार कार्य बल के गठन की घोषणा की। भारत ने 2047 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता में दस गुनी वृद्धि का लक्ष्य रखा है। प्रधानमंत्री ने बताया कि इस समय 10 नए परमाणु रिएक्टरों पर काम चल रहा है। अगले दो दशकों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और हरित विकास के लिए यह कदम महत्वपूर्ण साबित होगा।

### RSS की 100 साल की राष्ट्रसेवा पर गर्व

लाल किले की प्राचीर से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की 100वीं वर्षगांठ का उल्लेख किया और संगठन की राष्ट्रसेवा को सलाम किया। उन्होंने कहा, आज से 100 साल पहले एक संगठन का जन्म हुआ था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ। व्यक्ति निर्माण से लेकर राष्ट्र निर्माण तक, मां भारती के कल्याण हेतु लाखों स्वयंसेवकों ने अपना जीवन समर्पित किया।

### प्रकट भये नंदलाल...



*श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर चौड़ा रास्ता स्थित राधा-दामोदर मंदिर परिसर शनिवार दोपहर 12 बजे 'प्रकट भये नंदलाल' के जयकारों से गूंज उठा। महंत मलय गोस्वामी ने ठाकुरजी का पंचामृत एवं सुगंधित जल से महाभिषेक किया। वृंदावन से शुरू हुई यह परंपरा मंदिर में लगभग 500 वर्षों से निरंतर इसी प्रकार निभाई जा रही है।* **फोटो: राजेश कुमावत**

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर में किया ध्वजारोहण

# देश की सुरक्षा और सम्मान से कोई समझौता नहीं: सीएम

**बेधड़क।** जयपुर

राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह शुक्रवार को जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में धूमधाम से आयोजित हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण किया और मार्चपास्ट की सलामी ली। उन्होंने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और स्वतंत्रता संग्राम के ज्ञात-अज्ञात वीरों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज का भारत गोली का जवाब गोली से देता है और देश की सुरक्षा व सम्मान से कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख करते हुए इसे भारत की सैन्य शक्ति, दृढ़ता और नए भारत की संकल्प शक्ति का प्रतीक बताया। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक, सामाजिक और सैन्य दृष्टि से सशक्त हुआ है। आज का भारत केवल कहता नहीं बल्कि करके दिखाता है।

#### आसमान से बरसे फूल, बच्चों ने बांधा समां

ध्वजारोहण के बाद वायुसेना के हेलिकॉप्टर से स्टेडियम पर पुष्पवर्षा की गई। इस दृश्य ने उपस्थित हजारों दर्शकों को रोमांचित कर दिया। 1300 स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।



*जोधपुर में परेड की सलामी लेते सीएम भजनलाल शर्मा।*

#### भारतीयों का सपना आत्मनिर्भर भारत

मुख्यमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों का सपना है कि देश पूरी तरह आत्मनिर्भर बने। 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत स्वदेशी युद्धपोत, विमान और आधुनिक हथियार प्रणालियों का निर्माण हो रहा है। राजस्थान भी इस दिशा में सक्रिय है। जल आत्मनिर्भरता के लिए रामजल सेतु लिंक परियोजना, नवनेरा बैराज और यमुना जल समझौते जैसे कार्यों को गति दी जा रही है। शर्मा ने 'मिशन हरियालो राजस्थान' की जानकारी देते हुए बताया कि अगले पांच वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 15 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं।

#### जोधपुर विरासत और विकास का आदर्श

मुख्यमंत्री ने जोधपुर को शौर्य, हस्तशिल्प और खानपान की परंपराओं का गौरव बताया। उन्होंने कहा कि यह शहर 'विरासत भी, विकास भी' का आदर्श प्रस्तुत करता है। समारोह में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्मिकों को योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## बेंगलुरु हादसा: जालोर के दो बिजनेसमैन, एक की पत्नी व दो बच्चे भी जिंदा जले

**बेधड़क।** बेंगलुरु

बेंगलुरु के स्टील मार्केट स्थित एक बिल्डिंग में भीषण आग लगने से राजस्थान के 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में जालोर जिले के दो बिजनेसमैन शामिल हैं। भीनमाल के मोदरान निवासी मदन सिंह राजपुरोहित की मौत गोदाम में हुई, जबकि उनकी पत्नी संगीता और दो नाबालिग बेटे विहान और नीतेश फ्लैट में जिंदा जल गए। वहीं, रानीवाड़ा के एक बिजनेसमैन सुरेश कुमार (25) की दम घुटने से मौत हो गई। मदन सिंह पिछले 15 साल से परिवार संग बेंगलुरु में रह रहे थे और लकड़ी के बर्तनों का व्यवसाय करते थे। हादसा शुक्रवार रात हुआ। मदन सिंह ने परिवार की नींद न टूटे, इसलिए फ्लैट का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया था, जिस कारण पत्नी और बच्चे बाहर नहीं निकल सके।



*मदन सिंह संगीता विहान नीतेश सुरेश*

### ट्रंप ने कहा... बातचीत सकारात्मक, पुतिन ने दी अगली बैठक की पेशकश

## ट्रंप-पुतिन बैठक: 3 घंटे चर्चा, कोई डील नहीं

**एजेंसी** । वॉशिंगटन डीसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार देर रात अलास्का में मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच यूक्रेन युद्ध खत्म करने को लेकर करीब तीन घंटे चर्चा हुई, लेकिन कोई औपचारिक समझौता नहीं हो सका। बैठक के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जो महज 12 मिनट चली। उन्होंने पत्रकारों के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। ट्रंप ने कहा कि कई मुद्दों पर सहमति बनी है, लेकिन अंतिम डील अभी बाकी है। वहीं, पुतिन ने दोहराया कि रूस की सुरक्षा उनके लिए सर्वोच्च है और अगली मुलाकात मॉस्को में करने का प्रस्ताव रखा। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भी ट्रंप से डेढ़ घंटे फोन पर बातचीत की। -पेज 08 भी देखें



### 'फर्स्ट इंडिया समूह' का सरस बाल गोपाल प्रतियोगिता कार्यक्रम

# बालकृष्ण के रूप में बच्चों ने सजाई संस्कारों, संस्कृति की जीवंत झांकी: प्रेमचंद बैरवा



*बाल स्वरूप के कृष्ण और राधा।*

**बेधड़क।** जयपुर

फर्स्ट इंडिया मीडिया ग्रुप व स्टूडियो बिग बॉस की ओर से सरस बाल गोपाल प्रतियोगिता कार्यक्रम शनिवार को आरआईसी में आयोजित किया गया। सरस डेयरी के सहयोग से हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में 1 से 10 वर्ष के 250 बच्चों ने कान्हा और राधा के रूप में मंच पर ऐसी छटा बिखेरी, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय व भावविभोर हो गया। इस दौरान दर्शकों ने राधा-कृष्ण नृत्य प्रस्तुति का आनंद लिया। इसके बाद आचार्य घनश्याम शर्मा, पंडित नारायण शास्त्री और उनकी टीम ने आरती प्रस्तुत कर आध्यात्मिक शांति का संचार किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा रहे, जबकि विशेष अतिथि नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा, महंत कैलाश शर्मा, आरसीडीएफ की एमडी श्रुति भारद्वाज, आईएएस डॉ. समित शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, विधायक बालमुकुंद आचार्य व ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि जन्माष्टमी का दिन श्रीकृष्ण के अवतार का प्रतीक है, जिसने प्रेम और ज्ञान का संदेश दिया तथा अधर्म के नाश व धर्म के अवतरण की प्रेरणा दी। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों में झलकते बालकृष्ण के स्वरूपों को संस्कार और संस्कृति की जीवंत झांकी बताया। उन्होंने फर्स्ट इंडिया न्यूज और सरस (आरसीडीएफ) का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने संस्कृति संवर्द्धन के उद्देश्य से आयोजन को सफल बनाया। मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मानव जीवन को समझने के लिए कृष्ण के जीवन चरित्र को आत्मसात करना जरूरी है। उनके जीवन से धर्म पालन, करुणा, दुष्ट दलन और सकारात्मक सोच की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने राधा-कृष्ण के अलौकिक प्रेम को जीवन का सार बताया और लोगों से इस पर्व को केवल उत्सव के रूप में न मनाकर इसके गहन जीवन दर्शन को अपनाने का संकल्प लेने की अपील की।




*बाल गोपाल प्रतियोगिता में नन्हे प्रतिभागी को सम्मानित करते उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, मंत्री झाबर सिंह खर्रा, फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ एंड मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा। साथ में (बाएं से दाएं) आरसीडीएफ की एमडी श्रुति भारद्वाज, आईएएस समित शर्मा, विधायक बालमुकुंद आचार्य, निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, विधायक गोपाल शर्मा और फर्स्ट इंडिया न्यूज के एडिटर जिनेंद्र सिंह शेखावत।* **फोटो: राजेश कुमावत, संतोष शर्मा।**

#### जन्माष्टमी केवल उत्सव नहीं बल्कि जीवन दर्शन: पवन अरोड़ा

फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज बच्चों ने श्रीकृष्ण का स्वरूप धारण कर सबका मन मोह लिया। उन्होंने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी केवल उत्सव नहीं बल्कि जीवन दर्शन है। श्रीकृष्ण का जीवन मानव समाज के लिए अनेक स्तरों पर प्रेरणादायक है। बाल रूप में वे आनंद और लीलाओं के प्रतीक हैं, वहीं युवारूप में मुरलीधर बनकर प्रेम और माधुर्य का संदेश देते हैं। गीता के उपदेशक रूप में वे धर्म, कर्म और नीति के सच्चे मार्गदर्शक बन जाते हैं। एकमात्र श्रीकृष्ण ही ऐसे हैं, जो सुदर्शन चक्र और मुरली दोनों धारण करते हैं, द्वारका के राजा होकर भी सुदामा जैसे मित्र रखते हैं और सर्वशक्तिमान होकर भी सारथी बनते हैं। उनका जीवन दर्शन हमें धर्म, कर्म, नीति और कर्तव्य को अपनाने की प्रेरणा देता है।








## प्रधानमंत्री मोदी का लाल किले से संदेश

# आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और सामाजिक सशक्तीकरण का नया अध्याय

**बेधड़क** | नई दिल्ली

79वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कई अहम घोषणाएं की और संदेश दिए। उनका भाषण देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति, आत्मनिर्भरता, राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदमों पर केंद्रित रहा। प्रधानमंत्री ने जहां एक ओर रेहड़ी-पटरी वालों के लिए शुरू की गई पीएम स्वनिधि योजना की सफलता की सराहना की, वहीं दूसरी ओर भारत की सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए मिशन सुदर्शन चक्र की घोषणा की। उन्होंने पाकिस्तान को भी सख्त चेतावनी दी कि अब आतंकवादियों और उन्हें पालने-पोसने वालों के बीच कोई फर्क नहीं किया जाएगा।

### दवा और टीका निर्माण

प्रधानमंत्री ने दवा और टीका निर्माण में घरेलू क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि भारत को जीवन रक्षक उपचार पूरी तरह से स्वदेश में विकसित करने होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह आज कमाल कर रहे हैं और नारी शक्ति अब आर्थिक गति की प्रमुख चालक बन चुकी है।






*दिल्ली के लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर गार्ड ऑफ ऑनर लेते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।*

**अभिवादन**



*समारोह में आए लोगों का अभिवादन करते पीएम मोदी।*

**मुलाकात**




*प्रतिभागियों से मुलाकात करते पीएम मोदी।*

**स्वनिधि योजना**

### छोटे कारोबारियों के लिए वरदान

प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम स्वनिधि योजना को गरीब और वंचित तबकों के जीवन में बदलाव लाने वाली पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना रेहड़ी-पटरी वालों को सशक्त बना रही है। मोदी ने कहा, आपने देखा होगा, अब रेहड़ी-पटरी वाले यूपीआई से भुगतान स्वीकार कर रहे हैं। यह दिखाता है कि अंतिम व्यक्ति तक परिवर्तन पहुंचा है और यह एक ऐसी सरकार का प्रतीक है जो परवाह करती है। इस योजना की शुरुआत 2020 में हुई थी ताकि कोविड-19 महामारी से प्रभावित हुए छोटे कारोबारियों को कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराया जा सके। इसके तहत तीन किस्तों में ऋण दिया जाता है। पहली किस्त 10,000 रुपए, दूसरी 20,000 रुपए और तीसरी 50,000 रुपए। जुलाई 2025 तक 68.11 लाख से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल चुका है, जिनमें 30.97 लाख महिलाएं शामिल हैं। मोदी ने इसे "आत्मनिर्भर भारत का जमीनी उदाहरण" करार दिया।

**ऑपरेशन सिंदूर**

### निर्णायक मोड़

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में ऐसी तबाही मचाई कि उसकी नींद उड़ गई है। उन्होंने गर्व के साथ कहा, आज मुझे लालकिले की प्राचीर से ऑपरेशन सिंदूर के वीर जांबाजों को सलाम करने का अवसर मिला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार ने सेना को पूर्ण स्वतंत्रता दी थी कि वह अपनी रणनीति, लक्ष्य और समय स्वयं तय करे। इस अभियान ने साबित कर दिया कि भारत अब आतंकवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।

**मिशन सुदर्शन चक्र**

### भारत की सुरक्षा का कवच

प्रधानमंत्री ने देश की सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए 10 वर्षीय महत्वाकांक्षी योजना 'मिशन सुदर्शन चक्र' की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस मिशन के तहत भारत 2035 तक अपने सभी महत्वपूर्ण स्थलों, चाहे वे सैन्य हों या नागरिक को स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली से सुरक्षित करेगा। मोदी ने कहा कि यह सुरक्षा कवच लगातार विस्तार लेता जाए और देश का हर नागरिक सुरक्षित महसूस करे। हमारी तकनीक किसी भी अन्य देश की तकनीक से बेहतर सिद्ध होनी चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि यह प्रणाली इजराइल की 'आयरन डोम' की तर्ज पर हो सकती है, जिसमें एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल और आक्रामक हमले की क्षमता शामिल होगी। प्रधानमंत्री ने महाभारत के सुदर्शन चक्र का उल्लेख करते हुए कहा कि यह मिशन उसी से प्रेरित है और भारत की रणनीतिक स्वायत्तता का प्रतीक होगा। मोदी ने यह भी स्पष्ट किया कि पूरा अनुसंधान, विकास और निर्माण देश में ही किया जाएगा। उन्होंने युवाओं को इस मिशन में अपनी प्रतिभा झोंकने का आह्वान किया।

**एट होम**



***नई दिल्ली।*** *राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में 'एट होम' (भोज) का आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई (बाएं) व पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, स्पीकर ओम बिरला एवं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू (दाएं)।*

### मोटापा देश के लिए एक 'बड़ा संकट'

प्रधानमंत्री ने मोटापे को देश के लिए एक "बड़ा संकट" बताया। उन्होंने कहा, "विशेषज्ञ कहते हैं कि आने वाले वर्षों में हर तीन में से एक व्यक्ति मोटापे का शिकार होगा। हमें इसे गंभीरता से लेना होगा।" मोदी ने लोगों से आग्रह किया कि वे खाना बनाने के तेल के उपयोग में 10 प्रतिशत की कटौती करें और इसे स्वास्थ्य रक्षा का संकल्प बनाएं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ने लोगों को गंभीर बीमारियों से बचाने में बड़ी भूमिका निभाई है।

### अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की प्रगति

मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की प्रगति और महत्वाकांक्षाओं को विशेष रूप से रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत अपना पहला स्वदेशी मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' 2027 में प्रक्षेपित करने की तैयारी कर रहा है और 2035 तक पूर्ण रूप से भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री ने भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का उल्लेख किया, जिन्होंने हाल में 'एक्सिओम-4' मिशन के तहत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर 18 दिन बिताए और विभिन्न प्रयोग किए।

### आतंकवाद के खिलाफ कठोर संदेश

पीएम मोदी ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अब भारत आतंकवादियों और उन्हें समर्थन देने वालों में कोई फर्क नहीं करेगा। उन्होंने हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख किया, जिसमें भारतीय सेना ने दुश्मन के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने यह भी जोड़ा कि अब भारत न्यूक्लियर ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा। मोदी ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने के फैसले को भी उचित ठहराया।

**पूर्व पीएम वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि**

# अटल जी का समर्पण और सेवा भाव अनुकरणीय: PM मोदी

**बेधड़क** | नई दिल्ली

पीएम नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सातवीं पुण्यतिथि पर शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि वह विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए सभी को प्रेरित करते रहेंगे। मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि सभी देशवासियों की ओर से भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन। राष्ट्र के चौतरफा विकास को लेकर उनका समर्पण और सेवा भाव हर किसी को प्रेरित करने वाला है।



*वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित करते PM मोदी।*



*श्रद्धांजलि सभा में मौजूद स्पीकर ओम बिरला, पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत।*

### राष्ट्रपति मुर्मू व स्पीकर बिरला ने भी दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई अन्य गणमान्य लोग वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके स्मारक 'सदैव अटल' पहुंचे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वाजपेयी का जीवन राष्ट्र की अटूट सेवा के लिए समर्पित था। उन्होंने कहा कि उनके विचार और आदर्श भारत की प्रगति की यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

### तीन बार बने देश के पीएम

वाजपेयी भारतीय जनता पार्टी के संस्थापकों में एक थे। वह तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। उनका पहला कार्यकाल 1996 में मात्र 13 दिनों का था। इसके बाद, वह 1998 में फिर प्रधानमंत्री बने और उन्होंने 13 महीने तक इस पद को संभाला। वर्ष 1999 में वह तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। वह पहले ऐसे गैर-कांग्रेसी नेता थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया। वायपेयी को आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने का श्रेय दिया जाता है, जिससे देश का तेजी से विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ। वर्ष 2018 में 16 अगस्त को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में उनका लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।

## जरूरी खबर

### नामी ब्रांड्स के नकली उत्पाद बनाने वाले अरेस्ट



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की सीएसटी टीम और सांगानेर सदर थाना पुलिस ने शनिवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए नकली देशी घी और अन्य नकली उत्पाद बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया। सचिवालय नगर स्थित एक मकान में छापेमारी कर पुलिस ने लाखों रुपए का नकली सामान जब्त किया। मौके से चार आरोपी मनीष गुप्ता, नावेद खान, अमन सैन और शंकर लाल शर्मा गिरफ्तार किए गए। आरोपी अमूल, सरस, डिटोल, सर्फ एक्सेल जैसे नामी ब्रांड की नकली पैकिंग कर बाजार में बेचते थे।

### नाहरगढ़ की पहाड़ी पर नर कंकाल मिलने से सनसनी

**बेधड़क, जयपुर।** नाहरगढ़ पहाड़ी में नर कंकाल मिलने से सनसनी फैल गई। शनिवार को बच्चों की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ और एफएसएल टीमें मौके पर पहुंचीं। शव एक माह से अधिक पुराना प्रतीत हो रहा है और जानवरों द्वारा बुरी तरह नोंचा गया था, जिससे वह 3-4 टुकड़ों में बिखरा पड़ा था। यह शव एक साल पहले यहां से लापता हुए दो भाइयों में से एक राहुल का होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस डीएनए जांच के लिए परिवार से सैंपल ले रही है। हाल ही में दर्ज गुमशुदगी के मामलों की जांच की जा रही है।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले रिटायर्ड कैप्टन को रौंदा



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के करणी विहार इलाके में 15 अगस्त की सुबह हिट एंड रन का मामला सामने आया। लालरपुरा रोड पर तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार रिटायर्ड कैप्टन नरसा राम (64) को कुचल दिया और चालक मौके से फरार हो गया। नरसा राम, मूलतः परबतसर, नागौर के रहने वाले थे और मां वैष्णो नगर, गांधी पथ पर में रहते थे। शुक्रवार सुबह करीब 5:30 बजे वे चित्रकूट स्टेडियम की ओर वॉक पर जा रहे थे, तभी पीछे से आई तेज कार ने उन्हें टक्कर मार दी और 20 फीट तक घसीटते हुए ले गई। घायल हालत में बेटे धनराज और राहगीरों ने उन्हें एसएमएस अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम, मंदिरों में सजी झांकियां... भक्तिभाव में डूबे श्रद्धालु

# ‘नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की’

### मंगला से मध्यरात्रि तक भक्तों ने मनाया जन्मोत्सव


### 31 तोपों की हवाई गर्जना के बाद गोविंददेव जी का 897 किलो पंचामृत से अभिषेक

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर में जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में रंग-बिरंगी झांकियां सजाई गईं, वहीं श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों में मग्न नजर आए। भजन-कीर्तन, मटकी फोड़ और रासलीला जैसे आयोजन भी आकर्षण का केंद्र रहे। रात 12 बजे श्रीकृष्ण जन्म की आरती के साथ मंदिरों में श्रद्धा और उल्लास का माहौल देखते ही बन रहा था। मंदिरों में सुबह 4:30 बजे से रात 12:30 तक मंगला आरती, भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और श्रृंगार का सिलसिला चलता रहा।

वहीं, शहर के अराध्य देव गोविंददेव जी मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मध्यरात्रि में पंचामृत मिश्रण 425 लीटर दूध, 365 किलो दही, 11 किलो घी, 85 किलो बूरा, 11 किलो शहद से भगवान का अभिषेक किया गया। 31 तोपों की हवाई गूंज के बीच मंदिर, वेद मंत्र और जयकारों से गूंज उठा। भक्तों को चरणामृत व पंजीरी वितरित की गई। सेवाओं में 3000 से अधिक कार्यकर्ताओं ने योगदान दिया।

हाथी घोड़ा पालकी जय हो नंदलाल की, नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की, बांके बिहारी लाल की जय, राधे-राधे के जयकारों की गूंज चारों दिशाओं से गूंज रही थी। इसके साथ ही घर-घर में लड्डू गोपाल की पूजा-अर्चना की गई। इसके अलावा राधा दामोदर मंदिर, लाडली जी, सरस निकुंज, इस्कॉन मंदिर और स्वामीनारायण मंदिर में विशेष आयोजन हुए।



जन्माष्टमी पर गोविंददेव जी मंदिर में सजी मनोरम झांकी।



गोविंददेव जी मंदिर में भगवान की एक झलक पाने को आतुर श्रद्धालु। -फोटो: राजेश कुमावत

### मुख्यमंत्री ने लिया गोविंददेव जी का आशीर्वाद



जन्माष्टमी पर सीएम भजनलाल शर्मा ने सपत्नीक गोविंददेव जी मंदिर में दर्शन किए।

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गोविंददेव जी मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने गीता का प्रेरक संदेश साझा करते हुए कर्म प्रधानता को अपनाने का आह्वान किया। जयनिवास बाग के लक्ष्मीनारायण मंदिर में भी पूजा की जहां विधायक बालमुकुन्दाचार्य सहित गणमान्यजन उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने इस्कॉन मन्दिर में किए दर्शन

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जन्माष्टमी पर शनिवार रात मानसरोवर स्थित इस्कॉन मन्दिर में सपत्नीक दर्शन किए और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने मन्दिर में स्थित गिरधारी दाऊजी, राधा मदनमोहन एवं गौर निताई की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।*



### नंदोत्सव और शोभायात्रा आज

गोविंददेव जी मंदिर में 17 अगस्त को नंदोत्सव का भव्य आयोजन होगा। शाम 4:30 बजे से शोभायात्रा निकलेगी, जिसमें भक्तों की टोली, झांकियां और फूलों से सजी पालकी शामिल होंगी। यह यात्रा हवामहल, चौपड़, बापू बाजार होते हुए गोपीनाथजी मंदिर पहुंचेगी और हरे कृष्ण मन्त्रोच्चार से भक्तिमय परिवेश गूंज उठेगा।



जयपुर के हाथोज धाम दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर में विधायक स्वामी बालमुकुंदाचार्य की मौजूदगी में जन्माष्टमी पर लड्डू गोपाल का पंचामृत अभिषेक कर नवीन पोशाक और फूल बंगला श्रृंगार किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती हुई।

### राधा दामोदर मंदिर में दोपहर 12 बजे मनाया जन्मोत्सव

चौड़ा रास्ता स्थित राधा दामोदर मंदिर में दोपहर 12 बजे जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान ‘दामोदर’ का पंचगव्य, पंचामृत, सुगंधित जल से अभिषेक किया गया। ठाकुरजी को रेशमी वस्त्र और फूलों से सजा झूला अर्पित किया गया। भजन-कीर्तन की गूंज से मंदिर माहौल भक्तिमय हो गया। गोवर्धन शिला पर भी विशेष भोग चढ़ाया गया और रात 8 से 11 बजे नंदोत्सव हुआ।

### जन्माष्टमी पर जयपुर में निकली भव्य शोभायात्रा



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यादव युवक मंडल जयपुर की ओर से शनिवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सीतारामजी के मंदिर से शुरू हुई यात्रा नाहरगढ़, छोटी-बड़ी चौपड़ होते हुए रामगंज तक पहुंची। यात्रा में भगवान श्रीकृष्ण की झांकियां, हाथी, घोड़े, ऊंट और बग्घियां आकर्षण का केंद्र रहीं। महिलाएं केसरिया साफा पहनकर नाचती-गाती शामिल हुईं। विधायक गोपाल शर्मा, महापौर कुसुम यादव, भाजपा नेता अजय यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों व साधु-संतों ने आरती कर यात्रा का शुभारंभ किया। महापौर ने कहा कि श्रीकृष्ण के आदर्शों पर चलना जीवन को सार्थक बनाता है। विशेष बात यह रही कि रामगंज बाजार में मुस्लिम समुदाय द्वारा शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

## जयपुर में सड़क पर हुआ विवाद बना मौत का कारण....

# स्कॉर्पियो से कुचलकर युवक की हत्या

**बेधड़क | जयपुर**




मुरलीपुरा थाना क्षेत्र में शनिवार शाम एक मामूली सड़क विवाद जानलेवा बन गया। रोड नंबर 5 पर स्कॉर्पियो और ब्रेजा कार की टक्कर के बाद स्कॉर्पियो सवार युवक भड़क उठे। उन्होंने ब्रेजा कार के शीशे डंडों से तोड़ दिए। शोर सुनकर लोग जुटे और आरोपियों को रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी भागने लगे। इस दौरान मजदूरी करने वाला चंद्रशेखर (35), जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी था और मुरलीपुरा में किराए से रह रहा था, स्कॉर्पियो के नीचे आ गया। गाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुरील ने बताया कि घटना शाम करीब 5 बजे की है। स्कॉर्पियो में चार-पांच युवक सवार थे और सीकर हाईवे की ओर जा रहे थे। खाटूश्यामजी मंदिर के पास उनकी गाड़ी ब्रेजा से टकरा गई। टक्कर के बाद आरोपियों ने हिंसक रवैया अपनाया और भीड़ के विरोध पर गाड़ी भगाई। चंद्रशेखर को तुरंत कांवटिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## उदयपुर, जोधपुर और अजमेर संभाग में तेज बारिश

# प्रदेश में मानसून फिर सक्रिय, कई जिलों में झमाझम

**बेधड़क | जयपुर**




राजस्थान में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। शनिवार को पाली, राजसमंद, उदयपुर, जोधपुर, अजमेर समेत कई जिलों में जोरदार बारिश दर्ज की गई। उदयपुर के गोगुन्दा में सबसे ज्यादा 131 मिमी, अजमेर के किशनगढ़ में 80 मिमी, पाली के बाली में 70 मिमी और राजसमंद क्षेत्र में 66 मिमी बारिश हुई। जोधपुर के भोपालगढ़ में आधे घंटे की तेज बारिश से बाजारों में पानी भर गया। पाली के फालना में रातभर बारिश के चलते नदियों में पानी की आवक शुरू हो गई। उदयपुर में मदार बड़ा तालाब लबालब हो गया है, जिससे इसका पानी फतहसागर झील तक पहुंच रहा है।

जालोर, भोपालगढ़ व फालना में जलभराव से यातायात प्रभावित हुआ है। कई इलाकों में पानी भरने की समस्या बनी हुई है। मौसम विभाग ने आगामी 4-5 दिन दक्षिणी राजस्थान के उदयपुर, जोधपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ मध्यम से कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। शेष कोटा, अजमेर, जयपुर, भरतपुर व बीकानेर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ हल्की-मध्यम बारिश होने की संभावना है।

### बांधों में पानी की आवक तेज

1 जून से 16 अगस्त तक अजमेर, बारां, जोधपुर, कोटा, पाली, सवाई माधोपुर, सीकर और टोंक में सामान्य से 60% अधिक बारिश दर्ज हुई है। प्रदेश के बांधों में कुल भराव क्षमता का 77.60% पानी आ चुका है। कोटा संभाग में 91.89% और बांसवाड़ा में 81.18% जलभराव हुआ है। अब तक 274 बांध लबालब और 280 आंशिक रूप से भरे हैं।

## लॉन्ग वीकेंड पर पर्यटकों की पहली पसंद बना राजस्थान

# जयपुर में उमड़े देशी-विदेशी पर्यटक, होटल हुए फुल

### तीन दिनों की छुट्टी में प्रतिदिन 1 लाख पर्यटक आने का अनुमान

**बेधड़क | जयपुर**

इस बार स्वतंत्रता दिवस से जन्माष्टमी तक का लॉन्ग वीकेंड पर्यटन के लिहाज से बेहद खास साबित हो रहा है। खासकर पिंकसिटी जयपुर में देशी-विदेशी पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। पर्यटन विभाग के अनुसार इन तीन दिनों में एक लाख से अधिक पर्यटकों के प्रतिदिन राजस्थान पहुंचने की संभावना है। दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, दक्षिण भारत और विदेशों से भी पर्यटक बड़ी संख्या में आ रहे हैं। वीकेंड को देखते हुए होटल बुकिंग में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया है। जयपुर के लग्जरी, हेरिटेज, बजट होटल से लेकर होमस्टे तक करीब 90% रूम एडवांस में बुक हो चुके थे। एयरबीएनबी और अन्य ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म्स पर जयपुर ट्रेंडिंग डेस्टिनेशन बना हुआ है। मॉनसून स्पेशल पैकेज के तहत रेन वॉक, स्पा, सांस्कृतिक शो और घेवर-पकोड़े जैसे स्थानीय व्यंजन पर्यटकों को लुभा रहे हैं। होटलों में भी खास इंतज़ाम किए गए हैं।



आमेर महल भ्रमण पर पहुंचे देशी-विदेशी पर्यटक।

### जयपुर सहित इन जगहों का क्रेज

पर्यटकों के लिए राजस्थान पहली पसंद बना हुआ है। पर्यटकों की सबसे अधिक रुचि माउंट आबू, उदयपुर, कुम्भलगढ़, पुष्कर और जयपुर में है। क्योंकि, यह सभी जगह बारिश के बाद और खूबसूरत हो गई हैं। मानसून की बारिश ने जयपुर की ऐतिहासिक धरोहर जैसे आमेर किला, सिटी पैलेस, नाहरगढ़ किला आदि की खूबसूरती में चार चांद लगा दिए हैं। माउंट आबू और जवाई बांध का क्रेज भी पर्यटकों में देखा जा रहा है।

### दर्शनीय स्थल और बाजारों में रौनक

जयपुर का आमेर किला, हवा महल, नाहरगढ़, सिटी पैलेस और जंतर-मंतर पर पर्यटकों की भीड़ में जबरदस्त इजाफा हुआ है। गाइड और कैब ऑपरेटर टूरिस्ट्स को खास पैकेज ऑफर कर रहे हैं। जौहरी बाजार, बापू बाजार में त्योहारी रौनक दिखाई दे रही है। दुकानदार घेवर, मावा कचौरी, मिठाइयों और मिर्ची बड़े जैसे व्यंजनों से मेहमानों का स्वागत कर रहे हैं। पर्यटन विभाग ने अतिरिक्त गाइड, हेल्प डेस्क, ट्रैफिक और सफाई की मजबूत व्यवस्था की है।

### ड्राइव-केशन का बढ़ता चलन

स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी वीकेंड पर जयपुर से 2–5 घंटे की दूरी पर स्थित गंतव्य भी लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। खासकर परिवार और युवाओं में ड्राइव-केशन यानी अपनी गाड़ी से छोटा रोड ट्रिप करने का चलन तेजी से बढ़ा है।

**सांभर झील:** नमक की झील, बर्ड वॉचिंग और इंस्टाग्राम के लिए परफेक्ट स्पॉट।

**आबूरी गांव व सामोद:** शांत माहौल, हेरिटेज होटल्स और ब्रंच के लिए पसंदीदा।

**बगरू व सांगानेर:** हैंडब्लॉक प्रिंटिंग और लोकल कला की खोज के लिए आदर्श।

**चौमूं, मंडावा, खाटूश्यामजी:** हेरिटेज हवेलियां और फिल्म शूटिंग की लोकेशन से प्रसिद्ध।

# अल्बर्ट हॉल पर डॉग लवर्स का प्रदर्शन




सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विरोध में प्रदर्शन करते डॉग लवर्स।

**बेधड़क | जयपुर**

अल्बर्ट हॉल पर शनिवार को सैकड़ों नागरिकों, पशु प्रेमियों और संगठनों ने स्ट्रीट डॉग्स को हटाने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के विरोध में प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि कुत्तों को हटाने से न तो काटने की घटनाएं रुकती हैं और न ही रेबीज रोका जा सकता है। स्थायी समाधान के रूप में नसबंदी, टीकाकरण और कचरा प्रबंधन को जरूरी बताया गया। विशेषज्ञों ने ‘वैक्यूम इफेक्ट’ से आगाह करते हुए आदेश पर वैज्ञानिक व मानवीय दृष्टिकोण से पुनर्विचार की मांग की।

## जरूरी खबर

### आवासन मण्डल लॉन्च करेगा नई आवासीय योजनाएं



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल बजट घोषणा 2025-26 के तहत उदयपुर, बारां, बूंदी और धौलपुर जिलों में विभिन्न आय वर्गों के लिए नई आवासीय योजनाएं शुरू करने जा रहा है। पनेरियों की मादड़ी (उदयपुर), अटरू (बारां), नैनवा (बूंदी) और बाड़ी रोड (धौलपुर) में यह योजनाएं इसी माह लॉन्च की जाएंगी। आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि आवासन मण्डल हर नागरिक को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### उद्योगों के अनुसार कोर्स तैयार करने की सिफारिश

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर में एडिशनल चीफ सेक्रेटरी स्किल और आरएसएलडीसी चेयरमैन संदीप वर्मा की अध्यक्षता में सीआईआई उद्योग प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक का उद्देश्य आईटीआई उन्नयन और उद्योग की आवश्यकता अनुसार पाठ्यक्रम में सुधार पर चर्चा करना रहा। प्रतिनिधिमंडल ने पुराने आईटीआई अनुभव, चिंताएं और समाधान साझा किए। क्षेत्र विशिष्ट स्किल सेंटर्स की आवश्यकता पर बल देते हुए उद्योगों की जरूरत अनुसार कोर्स तैयार करने की सिफारिश की गई। वर्मा ने राष्ट्रीय आईटीआई उन्नयन योजना के तहत एसपीवी मॉडल की जानकारी दी।

### पाइपलाइन से कच्चा तेल चुराने वाले 4 लोग पकड़े



**बेधड़क, जयपुर।** एसओजी ने कच्चा तेल चोरी करने वाली अंतरराज्यीय गैंग के चार बदमाशों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पाइपलाइन में सुराख कर चुराए गए तेल को सस्ते दामों में खरीदकर प्रॉफिट में बेचते थे। गिरफ्तार महावीर जाट हरियाणा, सुदीप जिंदल हापुड़ मेरठ, अशोक कुमार चौहान और विजयपाल चौहान गाजियाबाद के रहने वाले है। एडीजी (एसओजी) वीके सिंह ने बताया कि डीएसपी शिव कुमार भारद्वाज की नेतृत्व में हाल ही में गैंग के सरगना दिनेश उर्फ अनमोल उर्फ राहुल राठी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में चारों आरोपियों के नाम सामने आने पर उनको धर दबोचा और कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर पूरे प्रदेश में हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम

# अटल के दूरदर्शी नेतृत्व से देश को मिली नई दिशा: सीएम

**बेधड़क | जयपुर**

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर शनिवार को प्रदेशभर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा सहित भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीएमआर पर वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने कहा कि पूर्व पीएम अटल का नेतृत्व दूरदर्शी था और उनके निर्णयों ने देश को नई दिशा दी। वे एक कुशल राजनेता थे, जिन्हें सदैव याद किया जाएगा। इस दौरान सीएमआर के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### वाजपेयी 'राजनीति के अजातशत्रु' थे: राठौड़



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने वाजपेयी को 'राजनीति के अजातशत्रु' बताते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी, राष्ट्रभक्ति और सिद्धांतों से प्रेरित था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। राठौड़ ने कहा कि वाजपेयी सिद्धांतवादी नेता थे, जिन्होंने न सिर्फ अपने पक्ष, बल्कि विपक्षी दलों के नेताओं के बीच भी सम्मान और विश्वास अर्जित किया। आज की युवा पीढ़ी को उनके चरित्र, नेतृत्व और दूरदर्शिता से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, सह प्रभारी भवानी शंकर शर्मा, रजनीश चनाना सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### 'यथा नाम तथा गुण' के प्रतीक रहे अटल

सिविल लाइंस के शांति नगर स्थित 'सदैव अटल स्मारक' पर श्रद्धांजलि सभा हुई। विधायक गोपाल शर्मा के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों और क्षेत्रवासियों ने वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। विधायक शर्मा ने कहा कि वाजपेयी भारतीय राजनीति में शुचिता, स्पष्टवादिता और राष्ट्रीयता के प्रतीक रहे। वे अपने नाम की तरह सदैव अटल रहे। विपक्ष में रहते हुए भी संवाद बनाए रखा और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा।

## प्रदेशभर से 6.78 लाख अभ्यर्थी होंगे शामिल... जयपुर में 1.33 लाख परीक्षार्थी

# पटवारी भर्ती परीक्षा आज मेहंदी व जींस पर सख्त नियम

### आरएसएसबी अध्यक्ष बोले- परीक्षा व्रत की तरह, मेहनत की मेहंदी जिंदगी भर रचेगी




**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से पटवारी सीधी भर्ती परीक्षा-2025 का आयोजन रविवार को पूरे प्रदेश में दो पारियों में होगा। परीक्षा में प्रदेशभर से 6.78 लाख अभ्यर्थी भाग लेंगे। परीक्षा 3705 पदों के लिए हो रही है। पहली पारी सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पारी दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगी।

परीक्षा से ठीक पहले जन्माष्टमी के अवसर पर एक छात्र ने सोशल मीडिया पर बोर्ड अध्यक्ष मेजर आलोक राज से सवाल पूछा कि क्या अभ्यर्थी मेहंदी लगाकर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं?

जवाब में मेजर ने कहा कि मेहंदी लगाने से बायोमैट्रिक अटेंडेंस में दिक्कत हो सकती है, जिसके लिए अभ्यर्थी को एफिडेविट देना होगा। उन्होंने सलाह दी कि महिलाएं मेहंदी लगाने से बचें, खासकर हथेली, अंगूठे और उंगलियों के ऊपरी हिस्से पर। उन्होंने कहा कि परीक्षा एक व्रत की तरह है, संयम बरतें, क्योंकि मेहनत की मेहंदी जिंदगी भर रचेगी।

### जींस, ताबीज पर रोक तथा जनेऊ, कड़ा, कृपाण व पगड़ी की छूट

बोर्ड ने अभ्यर्थियों के लिए सख्त नियम जारी किए हैं। जींस, ताबीज और अन्य जेवरात पहनने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि जनेऊ, कड़ा, कृपाण और पगड़ी पहनने की छूट दी गई है। बोर्ड अध्यक्ष मेजर आलोक राज ने बताया कि जनेऊ और कलावा जैसे सूती धागों में कोई मेटालिक हिस्सा नहीं होने के कारण इन्हें पहनने की अनुमति है। मेटल डिटेक्टर में बाधा उत्पन्न करने वाली वस्तुओं को जांच के समय उतारना होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे मेटल बटन वाली जींस पहनकर न आएं और यदि गलती से ऐसी जींस पहन ली हो तो जांच के दौरान उसे ठीक कर लिया जाए।

### प्रश्न पत्र को लेकर नियमों में बदलाव


पहली पारी के अभ्यर्थी प्रश्न पत्र अपने साथ नहीं ले जा सकेंगे, जबकि दूसरी पारी के अभ्यर्थियों को यह सुविधा दी जाएगी। पहली पारी का प्रश्न पत्र शाम तक या अगले दिन सुबह ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। यह व्यवस्था पहली पारी के अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखकर की गई है। बोर्ड ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे बारिश और ट्रैफिक की स्थिति को देखते हुए समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचें, क्योंकि परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले केंद्र के गेट बंद कर दिए जाएंगे।

### जयपुर में 176 परीक्षा केंद्र बनाए

परीक्षा के लिए जयपुर शहर में 176 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 1.33 लाख अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इसके साथ जिला कलेक्ट्रेट में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह परीक्षा समाप्ति तक कार्य करेगा। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए 118 उप समन्वयक और 32 उड़नदस्तों की नियुक्ति की गई है, जो सभी गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

## संगठन मान रहा- किसी की शरारत

# भाजपा की वायरल कार्यकारिणी सूची ने फिर मचाई हलचल



| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Immediate Past General Secretaries | | | | | | | | | | |
| 1 | Shri Om Prakash Badhana | Ajmer | Ajmer | 42 | OBC | Gurjar | Graduate | State General Secretary | Ex Member, Ajmer Zila Parishad | |
| 2 | Shri Shravan Singh Bagdi | Jaipur | Sikar | 48 | GEN | Rajput | Post Graduate | State General Secretary | - | |
| 3 | Shri Jitendra Gothwal | Bharatpur | Sawai Madhopur | 51 | SC | Bairwa | 12th Pass | State General Secretary | MLA | |
| 4 | Shri Damodar Agarwal | Ajmer | Bhilwara | 61 | GEN | Baniya | Post Graduate | State General Secretary | MP | |
| 5 | Smt. Santosh Alhawat | Jaipur | Jhunjhunu | 62 | OBC | Jat | Post Graduate | State General Secretary | Ex MP, Ex MLA | |
| Secretaries Proposal | | | | | | | | | | |
| 1 | Smt. Seema Mathur | Jodhpur | Pali | 57 | GEN | Kayasth | Graduate | SEC Member, Mahila Morcha | - | |
| 2 | Smt. Ratna Kumari | Jaipur | Jaipur | 50 | GEN | Rajput | Post Graduate | - | - | |
| 3 | Smt. Archana Meena | Bharatpur | Sawai Madhopur | 56 | ST | Meena | Graduate | | - | D/o Smt. Jaskaur Ex MP |
| 4 | Shri Vishnu Chetani | Jaipur | Sikar | 53 | GEN | Agarwal | M.Com | Ex. District President | - | |
| 5 | Shri Gevar Singh Raigar | Jodhpur | Barmer | 51 | SC | Raigar | M.A, B.Ed | - | - | VRS from Senior Inspector |
| 6 | Shri Aidan Singh Bhati | Jodhpur | Jaisalmer | 35 | GEN | Rajput | Graduate | - | - | |
| 7 | Smt. Saroj Prajapat | Ajmer | Nagaur | 45 | OBC | Prajapat | 10th Pass | Ex State Secretary | - | |
| 8 | Shri Sitaram Poswal | Bharatpur | Sawai [illegible] | 38 | OBC | Gurjar | Graduate | State Vice President, OBC Morcha | - | |

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में भाजपा की एक और वायरल सूची ने सियासी हलचल मचा दी है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को पार्टी की कमान संभाले हुए एक साल से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन वे अभी तक भी नई कार्यकारिणी का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, प्रदेश कार्यकारिणी की नई सूची की चर्चाओं के बीच सोशल मीडिया पर एक कथित कार्यकारिणी सूची के वायरल होने से पार्टी के भीतर हलचल मच गई है। इस सूची में चौंकाने वाले नामों और सिफारिशों के जिक्र ने कार्यकर्ताओं में असंतोष फैला दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई फेक सात पेज की कथित कार्यकारिणी सूची में 34 पदाधिकारियों के नाम शामिल थे, जिनमें 8 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 9 संगठन मंत्री, 1 कार्यालय मंत्री, 1 कार्यालय प्रभारी, 6 प्रवक्ता, 1 आईटी संयोजक, 1 आईटी सह संयोजक, 1 सोशल मीडिया संयोजक, 1 सोशल मीडिया सह संयोजक, 1 प्रकोष्ठ संयोजक और 1 मीडिया सह संयोजक के नाम हैं। सूची में कांग्रेस से आए नेताओं और कुछ नए चेहरों को प्रमुख पद दिए जाने की बात ने विवाद को हवा दी।

### फेक सूची वायरल करने वालों पर होगी कार्रवाई: राठौड़

मदन राठौड़ ने कहा कि यह सूची अधिकृत नहीं है और इसे पार्टी कार्यालय से जारी नहीं किया गया। मुझे लगता है कि यह गलत है, यह हमारी सूची नहीं है। हमारी आधिकारिक सूची बहुत जल्द जारी की जाएगी। गलत सूची वायरल करने वालों की जांच की जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी।

## आरजीएचएस में गड़बड़ी, चिकित्सा विभाग सख्त

# 3 फार्मेसी स्टोर, 1 अस्पताल पर FIR, 12 कार्मिक निलंबित

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम में अनियमितताओं पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू की है। योजना के संचालन का जिम्मा वित्त विभाग से चिकित्सा विभाग को मिलने के बाद गड़बड़ियों पर नकेल कसने की प्रक्रिया तेज हो गई है। चूरू के शिवम ड्रग स्टोर, सीकर के गुरु कृपा अस्पताल और न्यू इंडिया मेडिकल स्टोर तथा नागौर की कोऑपरेटिव मार्केटिंग सोसाइटी लिमिटेड मूण्डवा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसके अलावा 5 विभागों के 473 कार्मिकों, 8 एलोपैथिक और 2 आयुर्वेदिक चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। साथ ही, 2 चिकित्सकों सहित 12 कार्मिकों को निलंबित किया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि आरजीएचएस में लंबे समय से अस्पतालों, फार्मेसी स्टोरों और कार्मिकों की ओर से अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थीं। ऑडिट में सामने आए तथ्यों के आधार पर कार्रवाई शुरू की गई। कार्मिकों की ओर से दवाओं की जगह अन्य सामान लेने, फर्जी पर्चियां बनाने और अनावश्यक पंचकर्म, शिरोधारा जैसी सेवाओं का दुरुपयोग करने की शिकायतें पाई गईं।

### जल्द होगा एंटी फ्रॉड सेल का गठन

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर योजना में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एंटी फ्रॉड यूनिट का गठन जल्द होगा, जिसमें आईटी और ऑडिट विशेषज्ञ शामिल होंगे। साथ ही, योजना से जुड़े परिवादों के त्वरित निस्तारण के लिए ग्रिवांस रिड्रेसल सेल भी गठित की जाएगी। ई-प्रिस्क्रिप्शन, ई-बिलिंग और रियल-टाइम मॉनिटरिंग लागू की जा रही है। संदिग्ध अस्पतालों और फार्मेसी स्टोरों की निगरानी बढ़ा दी गई है। दोषी पाए जाने पर उनकी सदस्यता रद्द की जाएगी। शिकायत निवारण के लिए राज्य और जिला स्तर पर प्रकोष्ठ बनाए जाएंगे।

## कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान

# प्रदेश के 13 नेताओं को सौंपी पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी

**बेधड़क | जयपुर**

कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने के लिए शुरू किए गए 'संगठन सृजन अभियान' के तहत उत्तराखंड, झारखंड, पंजाब और ओडिशा में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इस अभियान के तहत राजस्थान के 13 नेताओं को चार राज्यों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है। एआईसीसी ने कुल 115 नेताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी है, जिसमें उत्तराखंड के लिए 26, झारखंड के लिए 25, ओडिशा के लिए 35 और पंजाब के लिए 29 नेता शामिल हैं। संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल ने नियुक्ति आदेश जारी किए।

राजस्थान के नेताओं में उत्तराखंड के लिए सांसद कुलदीप इंदौरा, राहुल कस्वां, रेहाना रियाज और संगीता बेनीवाल को नियुक्त किया है।

झारखंड में पूर्व कैबिनेट मंत्री रघु शर्मा पर्यवेक्षक होंगे। ओडिशा के लिए पूर्व मंत्री ममता भूपेश, रामलाल जाट और पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर को जिम्मेदारी मिली है।

पंजाब के लिए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी, सांसद भजनलाल जाटव, पूर्व विधायक जगदीश जांगिड़, विधायक शिखा बराला और पूर्व विधायक मनीषा पंवार पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। इस अभियान के तहत पर्यवेक्षक जमीनी स्तर पर रायशुमारी कर जिलाध्यक्षों के लिए नाम सुझाएंगे, जिससे मजबूत नेतृत्व उभरेगा।

## बेधड़क TOON




-शेखर

## राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह पर जुबानी जंग

# सरकार असंवेदनशील, जनता परेशान: गहलोत

■ डिहाइड्रेशन से 15 बच्चे अस्पताल में भर्ती होने से गरमाई राजनीति

**बेधड़क | जयपुर**

जोधपुर में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रशासनिक अव्यवस्था के चलते आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। समारोह के दौरान पानी की कमी के कारण 15 से अधिक बच्चों को डिहाइड्रेशन की वजह से जोधपुर के एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सरकार को निशाने पर लेते हुए अव्यवस्थाओं का आरोप लगाया।



अशोक गहलोत

गहलोत ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि जोधपुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रशासनिक अव्यवस्थाओं के कारण आमजन को परेशानी हुई। उन्होंने डिहाइड्रेशन के कारण बच्चों के अस्पताल में भर्ती होने और सड़क दुर्घटना में मासूम की मौत के बाद सरकार की असंवेदनशीलता पर सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि 15 से अधिक बच्चों को कार्यक्रम में डिहाइड्रेशन के कारण अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ा। कई लोगों को एंट्री पास के बावजूद कार्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में इस तरह की परिस्थितियां बन जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार को इससे सबक लेकर भविष्य के लिए बेहतर तैयारी करनी चाहिए।

### गहलोत को सुर्खियां बटोरने की पुरानी आदत: पटेल



जोगाराम पटेल

संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने पलटवार करते हुए कहा कि गहलोत को सुर्खियां बटोरने की पुरानी आदत है। उन्होंने दावा किया कि गहलोत ने अपने 15 साल के कार्यकाल में जोधपुर को राज्य स्तरीय समारोह का अवसर नहीं दिया, जबकि वर्तमान सरकार ने इसे भव्य रूप से आयोजित किया। पटेल ने ऑपरेशन सिंदूर थीम पर आधारित ड्रोन शो की सफलता की सराहना की और गहलोत पर दुर्भाग्यपूर्ण घटना को मुख्यमंत्री के दौरे से जोड़कर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए पीड़ित परिवार को सहायता का आश्वासन दिया और डंपर चालक को तुरंत हिरासत में लिया गया।

## नाद गोविंदम् कार्यक्रम

# घोषवादकों ने निकाला पथ संचलन

**बेधड़क | जयपुर**

संगीत न केवल चर, बल्कि अचर जगत की संवेदनाओं को भी प्रभावित करता है। जगदीश चंद्र बसु को क्रेस्टोग्राफ से यह ज्ञात हुआ कि यदि किसी वनस्पति के पास संगीत वादन किया जाए तो वह भी उत्साह प्रकट करती है। भारतीय संगीत परंपरा में वर्षा न होने पर, रोग ठीक न होने पर, सुख-दुख हर स्थिति में संगीत का प्रयोग होता है। हमारे यहां जन्म और मरण दोनों पर संगीत बजता है, यह भारतीय संस्कृति की परंपरा है। संघ में संगीत यानी घोष विभाग ने ऐसी स्वदेशी रचनाओं का निर्माण किया है, जिनका उपयोग आज भारतीय सेना भी कर रही है।



रामनिवास बाग में घोष पथ संचलन। फोटो- राजेश कुमावत

यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक बाबूलाल ने शनिवार को ऋषि गालव भाग की ओर से जयपुर प्रांत घोष दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम 'नाद गोविंदम्' में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर तोपखाना संघ स्थान से, पांचबत्ती, एमआई रोड, अजमेरी गेट, न्यू गेट होते हुए रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल तक घोष पथ संचलन निकाला गया। घोष वाद्य यंत्रों की स्वरलहरियों के साथ स्वयंसेवकों ने कदम से कदम मिलाकर पथ संचलन किया और अल्बर्ट हॉल पहुंचे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रसिद्ध संगीतज्ञ एवं सात्विक वीणा के जनक पंडित सलिल विश्वमोहन भट्ट, भाग संघचालक अशोक जैन, क्षेत्र प्रचारक बाबूलाल और जयपुर प्रांत प्रचारक मुख्य वक्ता के रूप में मंच पर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में कुल 91 घोषवादक स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

## धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह, राज्य स्तरीय मुख्य समारोह जोधपुर में हुआ आयोजित

# शान से फहराया तिरंगा... प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**बेधड़क** | जयपुर/जोधपुर

राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन शुक्रवार को जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में किया गया, जहां सीएम भजनलाल शर्मा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ने सबका मन मोह लिया। समारोह में एमआई-17 हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई। परेड में पुलिस की टुकड़ी, हाड़ी रानी महिला बटालियन, एनसीसी, स्काउट-गाइड और विभिन्न स्कूलों की टुकड़ियों ने भाग लिया। परेड का नेतृत्व आईपीएस हेमंत कलाल ने किया। वहीं, स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

आर्मी और स्कूल बैंड की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। बीएसएफ की ऊंटों पर सवार टीम ने शानदार करतब दिखाए। 200 लोक कलाकारों ने राजस्थानी संस्कृति की झलक पेश कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस दौरान भारतीय सेना के आधुनिक हथियार, टैंक, तोप का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी, सांसद पीपी चौधरी, राजेन्द्र गहलोत, विधायक अतुल भंसाली, देवेन्द्र जोशी, बाबू सिंह राठौड़, अर्जुन लाल गर्ग, पब्बाराम बिश्नोई, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, जोधपुर संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह सहित आमजन उपस्थित रहे।


*राजभवन में आयोजित 'एट होम' कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, सीएम भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, मंत्रिमंडल के सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी व गणमान्य लोग।*

### राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के सानिध्य में राजभवन में हुआ 'एट होम' कार्यक्रम

राजभवन में शुक्रवार शाम'एट होम' का आयोजन हुआ। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट जनों सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे। राज्यपाल बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आगंतुकों से मुलाकात कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, कुलगुरु, प्रशासन और पुलिस के अधिकारी, न्यायाधीश, समाजसेवी, मीडिया के प्रतिनिधि और आम नागरिक उपस्थित रहे।

### ADG वीके सिंह को राज्य स्तरीय समारोह में राष्ट्रपति पुलिस पदक से किया सम्मानित


जोधपुर में आयोजित समारोह में एटीएस-एसओजी के एडीजी वीके सिंह को सीएम भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया। 14 अन्य पुलिसकर्मियों को पुलिस पदक प्रदान किया गया।

### सीएम कार्यालय की सांख्यिकी निरीक्षक दीपिका योग्यता प्रमाण-पत्र से सम्मानित


सीएम भजनलाल शर्मा ने जोधपुर में आयोजित समारोह में दीपिका आसनानी, सांख्यिकी निरीक्षक, मुख्यमंत्री कार्यालय को उत्कृष्ट कार्य एवं विशिष्ट सेवाओं के लिए योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

### स्वतंत्रता दिवस को 'राष्ट्र नीति' के रूप में मनाने का दिया संदेश


*भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, अशोक परनामी, सांसद मंजू शर्मा, घनश्याम तिवाड़ी, गोपाल शर्मा व अन्य जनप्रतिनिधि।*

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश कार्यालय में ध्वजारोहण किया और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन संकल्प का दिन है और हमें राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रनीति को अपनाना चाहिए। देश की एकता और अखंडता के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने घर-घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्राओं के माध्यम से जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सांसद घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, सतीश पूनियां सहित अनेक भाजपा नेता उपस्थित रहे।

### देवनानी ने विधानसभा में किया ध्वजारोहण

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा भवन में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। देवनानी ने कहा कि आज का दिन भारतीयों के लिए गौरव का प्रतीक है। यह हमें उन वीर स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाता है, जिनके संघर्ष और बलिदान के कारण हमें आजादी मिली। उन्होंने सेना की बहादुरी को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि सैनिकों के बलिदान और साहस से हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति का भाव जागृत होता है।


*विधानसभा में ध्वजारोहण करते विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी।*

### चौगान स्टेडियम में बैरवा ने किया ध्वजारोहण


*चौगान स्टेडियम में आयोजित समारोह में सांसद मंजू शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधायक गोपाल शर्मा और जिला कलेक्टर डॉ.जितेन्द्र सोनी।*

जयपुर के चौगान स्टेडियम में डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने ध्वज फहराया। इसके बाद उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। कार्यक्रम में एडीएम प्रथम विनीता सिंह ने राज्यपाल के संदेश का वाचन किया। स्कूली बच्चों ने शारीरिक व्यायाम और सांस्कृतिक कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। पुलिस बैंड की देशभक्ति धुनों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। डिप्टी सीएम ने कला और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वीरांगनाओं का भी सम्मान हुआ। इस मौके पर राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, लोकसभा सांसद मंजू शर्मा, नगर निगम जयपुर हैरिटेज की मेयर कुसुम यादव, जिला प्रमुख रमा देवी चौपड़ा, विधायक गोपाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सूचना और जनसंपर्क विभाग के सहायक प्रशासनिक अधिकारी रमेश गुर्जर, वरिष्ठ सहायक रिंकू मीणा, कनिष्ठ सहायक मुकेश मीणा और रोहित उमरवाल समेत अन्य को स्मृति चिन्ह दिए गए।

### RAS क्लब में स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण


*जेएलएन मार्ग पर RAS क्लब में स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण करते 106 वर्षीय सेवानिवृत्त आरएएस अधिकारी शुभकरण।*

स्वतंत्रता दिवस पर जेएलएन मार्ग RAS क्लब में कार्यक्रम हुआ। RAS एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर खराड़ी ने झंडारोहण किया। इस अवसर पर महासचिव नीतू राजेश्वर, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, परामर्शदाता व मीडिया कोऑर्डिनेटर पंकज ओझा, सुनील भाटी, सीमा तिवारी, लोकेश मीणा, राजेंद्र सिंह सिसोदिया, रतन लाल अटल, आईएएस मनीष गोयल, क्लब सदस्य पवन गोयल सहित कई गणमान्य शामिल हुए। एसोसिएशन द्वारा एक नई परंपरा की शुरुआत करते हुए वरिष्ठतम सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान किया गया। 1956 बैच के RAS अधिकारी शुभकरण, जो 1975 में सेवानिवृत्त हुए थे और वर्तमान में 106 वर्ष के हैं, का साफा, शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। वहीं, उनके पुत्र, 82 वर्षीय पूर्व आईएएस सीडी आढा का भी सम्मान हुआ। साथ ही 1960 बैच के RAS अधिकारी शिवचरण शर्मा, जो 1980 में सेवानिवृत्त हुए थे, का भी अभिनंदन किया गया। अन्य वरिष्ठ अधिकारी बी एल वर्मा, नूर मोहम्मद, तारीक खान, उमेश तोमर, ओपी सहारण और मनीष गोयल का भी सम्मान किया गया।

### पीसीसी कार्यालय में ध्वजारोहण

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस विधायक, विधायक प्रत्याशी, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने जयपुर की बड़ी चौपड़ पर ध्वजारोहण किया और स्वतंत्रता सेनानियों व संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी।


*प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में ध्वजारोहण के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा व अन्य।*

### एनसीसी बैंड और मार्चिंग टुकड़ियों ने जगाया देशभक्ति का जज्बा


*एनसीसी कैडेट्स का सम्मान करते अधिकारी व अतिथि।*

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ब्राइट लैंड्स गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जयपुर की 19 कैडेट्स द्वारा अल्बर्ट हॉल में और प्रतिष्ठित बिरला बालिका विद्या पीठ, जयपुर की 51 कैडेट्स द्वारा सिविल मार्केट, पिलानी में संगीतमय बैंड प्रदर्शन का आयोजन किया गया। वहीं, 64 कैडेट्स की एनसीसी टुकड़ी ने जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में शानदार मार्च किया। सीएम भजनलाल ने परेड का निरीक्षण किया। इसके अलावा, बीकानेर में 7 राज एनसीसी बटालियन, श्रीगंगानगर में 15 राज एनसीसी बटालियन और उदयपुर में 10 राज एनसीसी बटालियन के ड्रिल दस्तों को सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्तों से सम्मानित किया गया।

## पटवारी को 50 हजार की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**बेधड़क** | पाली

एसीबी ने शनिवार को मारवाड़ जंक्शन के सिरीयारी पटवारी को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि एसीबी को शिकायत मिली थी कि परिवादी से उसके प्लॉट व दुकान का म्यूटेशन भरने की एवज में पटवारी अशोक 50 हजार रुपए रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। इस पर जोधपुर रेंज के उप महानिरीक्षक भुवन भूषण यादव के सुपरविजन में एसीबी पाली द्वितीय के प्रभारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खींव सिंह की टीम से शिकायत का सत्यापन करवाया गया। इसके बाद ट्रैप की कार्रवाई करते हुए टीम ने पटवारी अशोक को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

**शिक्षा विभाग ने एईएन व जेईएन को किया निलंबित**

## जर्जर स्कूल भवन का छज्जा गिरने से बच्ची की मौत

**बेधड़क** | उदयपुर

स्वतंत्रता दिवस के दिन कोटड़ा थाना क्षेत्र के पाथरपाड़ी गांव में पीएमश्री राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में निर्माणाधीन भवन का छज्जा गिरने से एक बच्ची मलबे में दब गई, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं, एक अन्य बच्ची घायल हो गई। दोनों बच्चियां स्कूल के पास खेल रही थीं। मामले को लेकर शिक्षा विभाग ने ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए है। शिक्षा विभाग ने कार्रवाई करते हुए कार्यवाहक सहायक अभियंता हेमसिंह और संविदा पर कार्यरत सिविल कन्सलटेंट को निलंबित कर दिया। विभाग ने हादसे की उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी है। जांच पूरी होने तक निलंबित एईएन का कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, उदयपुर रहेगा। विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि हादसा गुणवत्ता की कमी के कारण नहीं, बल्कि लिंटा भराई में लापरवाही और शटरिंग समय से पहले हटाने के कारण हुआ। विद्यालय निर्माणाधीन भवन में संचालित नहीं हो रहा था। इधर, बूंदी में भी दो अलग-अलग हादसों में एक प्राइवेट स्कूल में फॉल्स सीलिंग गिरने से पांच छात्र घायल हो गए।


*मलबे के नीचे दबी बच्ची।*

## वायरल बुखार से एक ही परिवार के 2 बच्चों की मौत

**बेधड़क** | डीग

कामां के सहसन गांव में वायरल बुखार से भाई-बहन की मौत हो गई, जबकि सबसे छोटी बहन का इलाज चल रहा है। मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने एक जांच टीम गांव में भेजी है। सरपंच जुबेर ने बताया कि 14 अगस्त को वायरल बुखार से गांव के रती खां की बेटी सुमैया (9) और बेटे अनस (7) की तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने दोनों बच्चों को जुरहरा में एक झोलाछाप को दिखाया। झोलाछाप ने दोनों बच्चों के ड्रिप चढ़ा कर घर भेज दिया। देर रात तबीयत ज्यादा बिगड़ने से सुमैया की मौत हो गई। दूसरे दिन देर रात अलवर के अस्पताल में उपचार के दौरान अनस की भी मौत हो गई।

**दो लोगों का शिकार कर चुकी यह बाघिन**

## बाघिन 'कनकटी' को मुकुंदरा में किया शिफ्ट

**बेधड़क** | कोटा

रणथंभौर में दो बार इंसानों पर हमला कर चुकी बाघिन 'कनकटी' को आखिरकार मुकुंदरा टाइगर रिजर्व में शिफ्ट कर दिया गया, उसे दरा रेंज स्थित 82 वर्ग किमी के विशेष एनक्लोजर में छोड़ा गया। बाघिन के शिफ्ट होने की खबर फैलते ही आस-पास के ग्रामीणों में दहशत बढ़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बाघिन एनक्लोजर से बाहर निकल आई तो क्षेत्र में फिर से मानव जीवन खतरे में पड़ सकता है। इधर, वन विभाग का कहना है कि अगर बाघिन किसी को अपना शिकार बनाती है तो किसी भी तरह का मुआवजा नहीं दिया जाएगा। बता दें, 16 अप्रैल को रणथंभौर



में कनकटी के हमले से 7 साल के कार्तिक सुमन की मौत हो गई थी। इसके बाद कनकटी ने 11 मई को रेंजर देवेंद्र चौधरी को अपना शिकार बना लिया था। वन विभाग ने कहा कि सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं, लेकिन यदि कोई व्यक्ति नियम तोड़ेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। विभाग ने यह भी कहा है कि ग्रामीणों की सुरक्षा तभी सुनिश्चित हो सकती है, जब वे पूरी तरह नियमों का पालन करें।

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिरों में भव्य सजावट, भक्तों ने मनाया जन्मोत्सव**

## जयकारों से गूंजा खाटू, नाथद्वारा में दी 21 तोपों की सलामी

**बेधड़क** | सीकर/ नाथद्वारा


श्रीकृष्ण जन्मोत्सव शनिवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सीकर के खाटूश्यामजी और राजसमंद के नाथद्वारा स्थित श्रीनाथजी मंदिर में जन्माष्टमी पर विशेष आयोजन हुए। खाटू स्थित बाबा श्याम के मंदिर को विदेशी फूलों से सजाया गया।

रात को रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई। इस दौरान आयोजित भजन संध्या में देशभर के गायक कलाकारों ने बाबा श्याम की महिमा का गुणगान किया। इसके बाद रात्रि में बाबा श्याम को पंचामृत, माखन-मिश्री और मावे का भोग लगाया गया। भक्तों के बीच पारंपरिक प्रसाद पंजीरी, पंचामृत और माखन-मिश्री का वितरण किया। 12 बजे मंदिर परिसर में शंखनाद और घंटियों की गूंज के बीच महाआरती हुई। मंदिर परिसर हैप्पी बर्थडे बाबा से गूंज उठा।


*खाटूश्याम मंदिर में विशेष श्रृंगारित श्याम बाबा की मूर्ति।*

### श्रीनाथजी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, दर्शन कर मांगी मनोकामनाएं

**नाथद्वारा।** नाथद्वारा में पुष्टिमार्गीय वल्लभ सम्प्रदाय की प्रधानपीठ श्रीनाथजी मंदिर में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण स्वरूप श्रीनाथजी को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पंचामृत से स्नान कराया गया और तिलक लगाकर आरती उतारी गई। इस अवसर पर श्रीनाथजी की हवेली में विशेष सेवा पद्धति के तहत जन्माष्टमी की पूजा और उत्सव की परंपरा निभाई गई। मंदिर के परेश नागर ने प्रभु के सम्मुख जन्म पत्रिका का पाठ किया। राजभोग दर्शन में श्रीजी प्रभु को महाभोग अर्पित किया गया। इसके बाद विशाल बावा ने महाप्रसाद को वैष्णव जन और दर्शनार्थियों में वितरित किया। शाम को नगर में शोभायात्रा निकाली गई, जो रिसाला चौक से शुरू होकर पुनः वहीं विसर्जित हुई। शोभायात्रा में गुजरात और महाराष्ट्र से आए श्रद्धालुओं ने नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों के साथ नगर की फिजाओं को गुंजायमान कर दिया। रात्रि 12 बजे जन्मोत्सव का समापन 21 तोपों की सलामी के साथ हुआ।


*श्रीनाथजी को 21 तोपों से सलामी देते हुए।*

#### आज नंदोत्सव पर दूध-दही की होली

रविवार सुबह 7:30 से 11:00 बजे तक नंदोत्सव मनाया जाएगा। प्रभु श्रीनाथजी को सोने के पालने में झुलाया जाएगा। जन्मोत्सव की खुशी में ग्वाल बाल दूध दही से होली खेल कर खुशियां मनाएंगे। मंदिर में दर्शन करने आने वाले लोगों संग ग्वाल बाल हल्दी केसर युक्त दूध दही से होली खेलेंगे। इस दौरान श्रद्धालु उमड़ेंगे। आयोजन की तैयारियां कर ली गई हैं।

### रामबाग पैलेस स्थित सवाई मान महल में दिए गए 'फूड एंड हॉस्पिटैलिटी अवाड्‌र्स-2025'

# व्यंजन और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र की हस्तियों को मिला मान

**बेधड़क** | जयपुर

'द फर्स्ट इंडिया एंड भारत 24 फूड एंड हॉस्पिटैलिटी अवाड्‌र्स 2025', बीकाजी फूड्स की ओर से प्रस्तुत किया गया। गुरुवार शाम रामबाग पैलेस स्थित सवाई मान महल में हुए आयोजन में देश के बेहतरीन व्यंजन और आतिथ्य क्षेत्र की प्रतिभाएं साथ आईं। कार्यक्रम के मीडिया पार्टनर भारत 24 और फर्स्ट इंडिया अखबार रहे।

मुख्य अतिथि उदयपुर के पूर्व राजपरिवार से जुड़े डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ उपस्थित रहे। उनका स्वागत डॉ. जगदीश चंद्र, ऋषि मिगलानी और लोकेश शर्मा ने किया। समारोह का संचालन सुपर मॉडल व एंकर नवप्रीत कौर ने किया। अशोक राठौड़ (एरिया डायरेक्टर - जयपुर व अजमेर और जीएम - रामबाग पैलेस) को भारतीय हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान डॉ. जगदीश चंद्र, डॉ. मेवाड़ और राजीव अरोड़ा ने दिया। डॉ. जगदीश चंद्र ने कहा कि डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ वास्तव में जननायक और एक लोकतांत्रिक राजसी व्यक्तित्व हैं। उन्होंने आयोजन के पीछे की सोच के लिए ऋषि मिगलानी को बधाई दी। साथ ही ग्लैमानंद ग्रुप चेयरमैन निखिल आनंद और मिस यूनिवर्स इंडिया-2024 रिया सिंघा समेत सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भारत 24 और फर्स्ट इंडिया ऐसे सराहनीय प्रयासों के लिए समर्पित हैं।

ऋषि मिगलानी ने कहा कि मैं डॉ. जगदीश चंद्र का आभार जताता हूं। सबका स्वागत करते हुए सभी अवार्ड विजेताओं को बधाई देता हूं। फूड और हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री आपकी मेहनत से निरंतर प्रगति कर रही है। चीफ गेस्ट डॉ. लक्ष्यराज मेवाड़ ने कहा कि मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि इतने प्रतिभाशाली लोगों के बीच हूं। डॉ. जगदीश चंद्र का मार्गदर्शन मेरे लिए हमेशा प्रेरणा रहा है। भारत 24 और फर्स्ट इंडिया ने इस मंच को जिस तरह से प्रस्तुत किया है, वह सराहनीय है। कार्यक्रम में फर्स्ट इंडिया की मिताली दुसाद ने भारत 24 की ओर से राजस्थान की फैशन इंडस्ट्री की तीन महिलाओं आकांक्षा भल्ला (एलीट मिस राजस्थान), आंचल बोहरा (मिस राजस्थान) और सौम्या गुप्ता (मिस इंडिया ग्लैम) को लाइफटाइम अचीवमेंट सर्टिफिकेट प्रदान किया। यूनिवर्सल वुमन अरबिया-2025 की विजेता केलिन त्रजानो को यूनिवर्सल वॉयस अवार्ड से नवाजा गया। उन्होंने डॉ. जगदीश चंद्र और निखिल आनंद का आभार जताया। मिस यूनिवर्स इंडिया-2024 रिया सिंघा, फैशन आइकॉन्स, सुपरमॉडल्स व हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री के दिग्गजों की मौजूदगी ने आयोजन को यादगार बनाया।



*डॉ. जगदीश चंद्र और डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के साथ (बाएं से दाएं) लोकेश शर्मा, ऋषि मिगलानी, निखिल आनंद, रिया सिंघा, आकांक्षा भल्ला और अंशिका चौधरी।*



*मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 रिया सिंघा*



*संबोधित करते डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़। साथ में हैं डॉ. जगदीश चंद्र।*



*डॉ. जगदीश चंद्र का स्वागत करते ऋषि मिगलानी और लोकेश शर्मा।*



*ऋषि मिगलानी।*



*'मोस्ट आइकॉनिक रेस्तरां' का सम्मान रामबाग पैलेस के सुवर्ण महल की ओर से स्वीकार करते प्रदीप कुमार।*



*डॉ. जगदीश चंद्र, डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ और राजीव अरोड़ा 'बेस्ट लग्जरी पैलेस होटल फॉर लीजर' का अवार्ड 'द लीला पैलेस' टीम को देते हुए।*



*डॉ. जगदीश चंद्र, डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ और राजीव अरोड़ा के हाथों जीएम अशोक राठौड़ 'रामबाग पैलेस जयपुर' की ओर से 'मोस्ट लव्ड फाइव-स्टार लग्जरी होटल' का सम्मान ग्रहण करते हुए।*



*डॉ. जगदीश चंद्र, डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ और राजीव अरोड़ा फैशन क्षेत्र के लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्तकर्ताओं को सम्मानित करते हुए। बाएं से आंचल बोहरा, सौम्या गुप्ता और आकांक्षा भल्ला।*



*कार्यक्रम का एक दृश्य।*



*मिताली दुसाद।*



*एंकर और सुपर मॉडल नवप्रीत कौर*



*केलिन त्रजानो, यूनिवर्सल वुमन अरबिया 2025*

## शहरभर में विभिन्न संस्थाओं ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस, विभिन्न कार्यक्रम किए आयोजित

# आजाद हवा में लहराया तिरंगा, गूंजे आजादी के तराने

***बेधड़क, जयपुर।** आजादी का जश्न, देशभक्ति का जोश और तिरंगे की आन-बान-शान... जयपुर की फिजाओं में 15 अगस्त को हर ओर यही नजारा देखने को मिला। स्वतंत्रता दिवस पर शहर के सरकारी दफ्तरों से लेकर शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और कॉलोनियों तक जगह-जगह ध्वजारोहण हुआ। तिरंगा फहराने के साथ राष्ट्रगान गूंजा और बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं सभी देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आए। कहीं स्कूलों में नन्हे कदमों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा, तो कहीं समाजसेवी संस्थाओं ने गरीब व जरूरतमंदों को भोजन, कपड़े और किताबें बांटकर आजादी का पर्व मनाया। अनेक स्थानों पर प्रभात फेरियां निकाली गईं और युवाओं ने तिरंगे गुब्बारे उड़ाकर देश की अखंडता का संदेश दिया। पूरे देश के साथ गुलाबी नगरी ने भी आजादी की 79वीं वर्षगांठ को बड़े हर्षोल्लास से मनाया और शहीदों के बलिदान को नमन किया।*

## शहीदों की मांओं और पत्नियों का सम्मान




**बेधड़क | जयपुर**

स्वतंत्रता दिवस पर गारमेंट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान और रंग कलश संस्था की ओर से महाराणा प्रताप सभागार में 'ये देश है वीर जवानों का' और 'वीरांगना सम्मान' का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने की। विशिष्ट अतिथि मेजर जनरल (से.नि.) डॉ. एस.सी. पारीक, समाजसेवी सुधीर माथुर, रामदास अग्रवाल और सत्यनारायण बंसिया उपस्थित रहे। रंग कलश के अध्यक्ष सुनीत शाह और उपाध्यक्ष घनश्याम पारीक ने बताया कि विहिप के वरिष्ठ प्रचारक जुगल किशोर ने 'वीरांगना सम्मान' प्रदान किए।

## तिरंगे गुब्बारों से शांति का संदेश



**बेधड़क | जयपुर**

मरुधर माथुर समाज के मानसरोवर स्थित सामुदायिक भवन में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। संरक्षक शिवचंद और अध्यक्ष एन.एम. माथुर ने ध्वजारोहण किया। सचिव सुदेश रूपराय ने बताया कि किशोर दयाल, कमल रूप, राकेश, रीटा, कोला, मुकेश, पंकज, प्रमोद, नीता, इंदू, विजयलक्ष्मी, अलका, सुनीता और बरखा ने देशभक्ति गीत सुनाए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष पी.आर. राय, दिनेश, विजेंद्र, गौतम, संजय, वीना, दीपक, कल्पना, प्रवीण, सीमा, मंजू और मयंक आदि उपस्थित रहे। तिरंगे गुब्बारे हवा में छोड़कर शांति का संदेश दिया गया।

## पूर्वजों के बलिदान को याद किया



**बेधड़क, जयपुर।** मानसरोवर स्थित टेंऊराम पार्क में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रणवेंद्र शर्मा, प्रदीप सिंह शेखावत, अजय कुमार शर्मा, लोकेश जोशी, सुनील कुमार, कृष्ण शर्मा, एडवोकेट मुकेश जोशी और भारत कुमार उपस्थित रहे। गायक कलाकार अनिल व्यास, मुकेश पारीक और अनिल बिजलानी ने प्रस्तुतियां दीं। प्रणवेंद्र शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारे पूर्वजों ने किस साहस और बलिदान से हमें यह आजादी दिलाई।

## संस्कारवान श्रेष्ठियों का किया सम्मान

**बेधड़क, जयपुर।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान प्रांत राजस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला, कार्याध्यक्ष अनिल जैन आईपीएस, संरक्षक ओमप्रकाश जैन काला और कोषाध्यक्ष पंकज जैन लुहाड़िया ने श्री जिनेश्वर दास जैन स्कूल कुचामन सिटी के अध्यक्ष कमल जैन पहाड़िया और मंत्री संतोष जैन पहाड़िया को 'सुसंस्कार संवर्द्धक' सम्मान से सम्मानित किया। धर्म जागृति संस्थान की कुचामन सिटी महिला शाखा अध्यक्ष मेघा जैन पहाड़िया, मंत्री कविता जैन बज तथा पुरुष शाखा अध्यक्ष सोभाग जैन और मंत्री सुभाष जैन को 'देव शास्त्र गुरु भक्त' सम्मान दिया गया। इससे पूर्व मंदिर पदाधिकारियों सुभाष जैन, मनोज जैन और अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत की। वहीं पंकज जैन ने धर्म जागृति संस्थान के कार्य और उद्देश्य बताए। संचालन अशोक जैन ने किया।

## आजादी के दिन लिया स्वास्थ्य लाभ



**बेधड़क, जयपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर जैन सोशल ग्रुप जयपुर गोल्ड और पिंक स्टार हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर पिंक स्टार हॉस्पिटल मांग्यावास में लगाया गया। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. राजवेन्द्र सिंह चौधरी, जेएसजी गोल्ड के अध्यक्ष राजकुमार वैद, संस्था सचिव मनीष चांदवाड़, गोल्ड के संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोधा, निवर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र पाटनी, मांग्यावास जैन समाज के अध्यक्ष प्रकाश चंद सोगानी और मंदिर से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## नीलम नावरिया को मिला सम्मान



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान महिला अधिकारी और कर्मचारी एकीकृत महासंघ की प्रदेश संगठन सचिव नीलम नावरिया को स्वतंत्रता दिवस पर राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार जेके लोन अस्पताल में आगजनी की घटना के दौरान 25 शिशुओं को सुरक्षित बचाने के लिए दिया गया। महासंघ की अध्यक्ष विजेता चारण ने बताया कि इस पुरस्कार की अनुशंसा राजस्थान महिला अधिकारी और कर्मचारी एकीकृत महासंघ ने की थी।

## फैकल्टी को 5 करोड़ का प्रोत्साहन



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की शुरुआत चांसलर डॉ. संदीप बख्शी ने ध्वजारोहण से की और विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने परेड प्रस्तुत की। डॉ. बख्शी ने घोषणा की कि विश्वविद्यालय की दूरदर्शी सोच के अनुरूप योगदान देने वाले फैकल्टी सदस्यों को 5 करोड़ रुपए के प्रोत्साहन दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जेएनयू का दुबई स्थित ऑफशोर कैंपस शुरू हो गया है। जयपुर में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल भी शुरू किया है।

## कृष्ण वाटिका पार्क में झंडारोहण



**बेधड़क, जयपुर।** श्याम नगर खंडे वाले पार्क कृष्ण वाटिका पार्क में स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण किया गया। इस मौके पर मदन यादव, नवाब खान, सीमा श्रीवास्तव, राजीव टंडन, धीरज मिश्रा, शिवदयाल जांगिड़, महेश भैया, रमेश यादव, सुनील मीणा व सुनील चौहान आदि मौजूद रहे।

## अनाथाश्रम में मनाया स्वतंत्रता दिवस



**बेधड़क, जयपुर।** जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर व संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो ने पुरुषोत्तम मेमोरियल एंड चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित अनाथाश्रम में स्वतंत्रता दिवस मनाया। जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर संस्थापक अध्यक्ष विनोद-दीपिका जैन ने झंडारोहण किया। इस मौके पर जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर अध्यक्ष सुशील-शालू बाकलीवाल, निवर्तमान अध्यक्ष दीपक गोधा, भाग चंद पाटनी, संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन, अध्यक्ष रेखा पाटनी, सचिव दीपा गोधा, कोषाध्यक्ष निशा गंगवाल, समन्वयक नीतू मुल्तान, नीरु छाबड़ा, प्रमिला पाटनी, अनीता लुहाड़िया सहित अनाथाश्रम संचालिका सनसुईया दीदी व कविता दीदी शामिल हुए।

# City इवेंट्स

## नन्हे कदमों ने कराया नंदगांव का आभास

**बेधड़क, जयपुर।** सिरसी रोड स्थित वीरेंद्र टाइनी टोट्स पैराडाइज स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। रैंप वॉक पर थिरकते नन्हे कदम नंदगांव का आभास कराते नजर आए। संस्थान निदेशक राहुल यादव ने कृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन को श्रेष्ठ बनाने की बात कही। प्राचार्य पूजा यादव ने कहा कि जन्माष्टमी केवल एक पर्व नहीं है, बल्कि यह प्रेम, भक्ति और नैतिक मूल्यों को जीवन में उतारने का अवसर है।



## ध्रुवपद प्रशिक्षण कार्यशाला आज से

**बेधड़क, जयपुर।** इंटरनेशनल ध्रुवपद धाम ट्रस्ट जयपुर की ओर से पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर की सहभागिता और राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जयपुर के सहयोग से रविवार से 1 सितम्बर तक ध्रुवपद-प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में प्रशिक्षक विदुषी प्रो. डॉ. मधु भट्ट तैलंग होंगी। सहायक के रूप में डॉ. प्रदीप टांक रहेंगे। प्रशिक्षण प्रतिदिन शाम 4 से 6 बजे तक होगा।

## गोविन्द गोपाल सिंह पीआरओ नियुक्त



**बेधड़क, जयपुर।** सिविल लाइन निवासी गोविन्द गोपाल सिंह को राष्ट्रीय आदिम जनजाति सेवा विकास परियोजना विभाग (भारत सरकार का उपक्रम) में जनसम्पर्क अधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। विभाग के संस्थापक व प्रबंध निदेशक एतवारी मालतो ने गोविन्द गोपाल को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए विभाग में नई जिम्मेदारी संभालने के लिए बधाई दी। इस मौके पर गोपाल ने मालतो का आभार जताया।

## गौमहाकुंभ में स्टॉल की बुकिंग शुरू

**बेधड़क, जयपुर।** देश में पहली बार होने जा रहे गौ आधारित अर्थव्यवस्था पर केंद्रित गौमहाकुंभ-2025 के लिए स्टॉल की बुकिंग शुरू कर दी गई है। इसका एसबीआई फाइनेंशियल पार्टनर है। यह भारत सरकार के एमएसएमई विभाग की ओर से मान्यता प्राप्त एक्सपो है, जिसमें प्रदर्शकों को 80% तक की सब्सिडी मिलेगी। स्टॉल बुकिंग पहले आओ-पहले पाओ पर की जा रही है। प्रदर्शनी गौ आधारित खाद, जैविक कृषि उत्पाद, डेयरी उत्पाद व प्रसंस्करण इकाइयां, कृषि व डेयरी मशीनरी व उपकरण, धूप-अगरबत्ती व पंचगव्य उत्पाद, आयुर्वेदिक औषधि व हर्बल उत्पाद, गोशाला व गौसेवा संस्थान, ग्रामीण हस्तशिल्प और हस्तनिर्मित वस्तुएं, डेयरी-पोल्ट्री व पशुपालन तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा और सोलर समाधान पर बेस्ड है।

### जन्माष्टमी पर बोले आचार्य सुंदर सागर

## कृष्ण की तरह विषम स्थितियों में भी सामंजस्य बनाए रखें



**बेधड़क | जयपुर**

सांगानेर थाना सर्किल स्थित चित्रकूट कालोनी के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में चातुर्मासरत आचार्य सुंदर सागर महाराज ने जन्माष्टमी पर कहा कि हमें अपने जिन शासन पर गर्व है कि व्यक्ति सुबह की शुरुआत णमोकार मंत्र से करता है और रात को सोते समय भी णमोकार मंत्र बोलता है। जिस जल पर णमोकार का मंत्र बोल दिया जाए तो वह मंत्र से पवित्र हो जाता है। उन्होंने कहा कि कृष्ण अर्थ चक्र थे और तीन खंडों के अधिपति थे। उनका जन्म हुआ तब विषम परिस्थितियां थीं, लेकिन जन्म भाद्रपद शुक्ला 12 स्थिति को जैन धर्म के अनुसार हुआ। जिस तरह कृष्ण ने विषम परिस्थितियों में सामंजस्य रखा, उसी तरह हमें भी प्रतिकूलता को अनुकूल बनाना चाहिए। वहीं प्रशासनिक समन्वयक महावीर सुरेंद्र जैन एडवोकेट ने बताया कि आचार्यश्री के सानिध्य में 'धर्म क्रिकेट की सुंदर प्रीमियर लीग' का आयोजन हुआ। आर्यिका सुलक्ष्यमति माताजी के निर्देशन में नवयुवक मंडल की ओर से ऐसा पहला आयोजन हुआ। इससे पूर्व भगवान महावीर के चित्र का अनावरण पुष्पा, कुलदीप-श्रुति, अंकित-वैशाली, लेख, लब्धि और समस्त सोनी परिवार पदमपुरा वाले ने किया। सुनीता-सुरेंद्र कुमार, शुभम-तन्वी, आयुषी, नविका और हल्दनिया परिवारजन ने दीप प्रज्ज्वलन किया।

### गोकुलम में दिखा मुंबई का नजारा

## जयपुर बना गोकुल, मटकी फोड़ प्रतियोगिता में झूमे युवा



**बेधड़क | जयपुर**

मटकी फोड़कर परंपरा निभाने और संस्कृति दर्शाने की बारी आई तो युवा जोश और उल्लास से भर उठे। हर किसी ने कई मीटर ऊपर बंधी मटकी तोड़कर विनर बनने की ठानी। फिर रोचक मुकाबले देखने को मिले। ऐसे में गुलाबी नगरी में मुंबई का नजारा देखने को मिला। अनूठा मौका था चित्रकूट स्टेडियम में समरस भारत सेवा संस्थान की ओर से आयोजित 'गोकुलम-2025' का, जिसमें हजारों लोग एकत्रित हुए। कार्यक्रम संयोजक मोतीराम चोपड़ा और सह-संयोजक सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत लड्डू गोपाल (कान्हा) की प्रतिमा के स्वागत व पूजन से हुई। मंचासीन अतिथियों में उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, प्रान्त प्रचारक बाबूलाल शर्मा, केबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य, रिटायर आईएएस चंद्रमोहन मीणा, महापौर सौम्या गुर्जर, जिला प्रमुख रमा चोपड़ा और विधायक गोपाल शर्मा उपस्थित रहे। वहीं पर्यावरण वन व जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद ईकाई (भारत) के चेयरमैन राहुल द्विवेदी ने भी बच्चों को प्रोत्साहित किया। संस्थान अध्यक्ष धनंजय सिंह और सचिव देवेंद्र शर्मा, संयोजक मोतीराम चोपड़ा और सह-संयोजक सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि 'गोविंदा प्रतियोगिता' में 1500 युवाओं ने भाग लिया।

### महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2025

## जयपुर टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची, चूरू को हराया





**बेधड़क | जयपुर**

भीलवाड़ा फुटबॉल संघ के तत्वाधान में आयोजित हो रही राजस्थान राज्य सीनियर महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में शनिवार को प्री क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए, जिसमें जयपुर ने चूरू को 3-1 से परास्त कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

जयपुर जिला फुटबॉल संचालन समिति के वरिष्ठ सदस्य अब्दुल जब्बार ने बताया कि पहले हाफ के 20वें मिनट में जयपुर की कप्तान और मिडफील्डर निकिता कंवर ने डी के बाहर से शानदार शॉट लगाकर टीम का पहला गोल किया। हाफ टाइम समाप्त होने से सात मिनट पहले चूरू की फारवर्ड नीरू ने शानदार मैदानी गोल किया। हाफ टाइम के बाद 78वें मिनट में जयपुर को कॉर्नर मिला। कप्तान निकिता ने कॉर्नर किक ली, जिस पर वृद्धि बत्रा ने बॉल को रिसीव कर गोल में सरका दिया। मैच खत्म होने से पांच मिनट पहले छवि अग्रवाल ने कॉर्नर किक पर तीसरा गोल दागा। अंत में मैच जयपुर के पक्ष में 3-1 से समाप्त हुआ। क्वार्टर फाइनल रविवार को खेला जाएगा। टीम की इस जीत पर जयपुर जिला संचालन समिति के सदस्य अब्दुल जब्बार, हितेश शर्मा, मनोज शर्मा, डॉक्टर दिलीप सिंह चुंडावत और सेबी फिलिप्स ने टीम को बधाई दी।

**पहल** | अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ का कोचिंग कोर्स शुरू

# रॉयल फुटबॉल क्लब में मिलेगा 'डी' लाइसेंस का प्रशिक्षण

**बेधड़क | जयपुर**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ से मान्यता प्राप्त फुटबॉल कोचिंग कोर्स रॉयल फुटबॉल क्लब पर शुरू हुआ। राजस्थान फुटबॉल संघ सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि यह 'डी' लेवल कोर्स है, जिसमें नए कोचों को फुटबॉल कोचिंग के तरीकों की ट्रेनिंग दी जाती है। कोर्स की विशेषता है कि राजस्थान में पहली बार कोई महिला इंस्ट्रक्टर इंदु शर्मा, जो एशियाई फुटबॉल परिसंघ से मान्यता प्राप्त 'ए' डिप्लोमा धारक कोच हैं, इसे करा रही हैं। कोर्स कोआर्डिनेटर नरेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि रॉयल फुटबॉल क्लब पर यह इस साल दूसरा कोचिंग कोर्स हो रहा है। इसमें 26 नए कोच 15 से 20 अगस्त तक प्रशिक्षण लेंगे। अंतिम दिन प्रतिभागियों की लिखित परीक्षा के आधार पर उत्तीर्ण कोच को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ 'डी' लाइसेंस डिप्लोमा का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। राठौर ने बताया कि 26 प्रतिभागियों में दो महिला प्रतिभागी भी हैं। प्रतिभागियों में युवराज सिंह संधू, नंदीबन क्लेवर सिंह, अभिजीत त्रिवेदी, मुरली मोहन रेड्डी, अमन कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार, हर्षित वर्मा, दिग्दर्शन, अमित स्वामी, मोहनीश पुराणिक, मोहम्मद तैय्यब, कुंजन राजवी, ललित कुमार वर्मा, अजनकांत शर्मा, कुणाल मिश्रा, ज्योति शर्मा, मंजीत सिंह, कार्तिक शर्मा, युगल कालोया, सोमेश कुमार शर्मा, लक्षित शर्मा, जयेश कुमार सैनी, प्रदीप एम, करण राज सिंह सोढ़ा, दीपांश शर्मा और जतिन बाछल शामिल हैं।






## एनसीईआरटी ने 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के मौके पर जारी किया विशेष पाठ

# जिन्ना, कांग्रेस व माउंटबेटन को बताया भारत विभाजन का 'गुनहगार'

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के मौके पर जारी एक विशेष पाठ में भारत के बंटवारे के लिए मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और तत्कालीन वायसराय लॉर्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। पाठ में यह भी उल्लेख किया गया है कि विभाजन के बाद कश्मीर एक नई समस्या के रूप में उभरा। यह समस्या भारत में पहले कभी मौजूद नहीं थी और इसने देश की विदेश नीति के लिए चुनौती पैदा कर दी। इसमें यह भी कहा गया है कि कुछ देश पाकिस्तान को सहायता देते रहते हैं और कश्मीर मुद्दे के नाम पर भारत पर दबाव बनाते रहते हैं। इसमें कहा गया है कि भारत का विभाजन गलत विचारों के कारण हुआ। भारतीय मुसलमानों की पार्टी, मुस्लिम लीग ने 1940 में लाहौर में एक सम्मेलन आयोजित किया। इसके नेता मोहम्मद अली जिन्ना ने कहा कि हिंदू और मुसलमान दो अलग-अलग धार्मिक दर्शन, सामाजिक रीति-रिवाज और साहित्य से संबंधित हैं।



फाइल फोटो

### 'विभाजन के अपराधी' में हैं ये बातें

एनसीईआरटी के विशेष पाठ में 'विभाजन के अपराधी' शीर्षक वाले खंड में कहा गया है कि अंततः 15 अगस्त, 1947 को भारत का विभाजन हुआ। लेकिन यह किसी एक व्यक्ति का काम नहीं था। भारत के विभाजन के लिए तीन तत्व जिम्मेदार थे जिन्ना, जिन्होंने इसकी मांग की, दूसरे कांग्रेस, जिसने इसे स्वीकार किया और तीसरे माउंटबेटन, जिन्होंने इसे लागू किया। लेकिन माउंटबेटन एक बड़ी भूल के दोषी साबित हुए। इसमें कहा गया कि माउंटबेटन ने सत्ता हस्तांतरण की तारीख जून 1948 से घटाकर अगस्त 1947 कर दी। उन्होंने सभी को इसके लिए सहमत कर लिया। इस वजह से विभाजन से पहले पूरी तैयारी नहीं हो सकी। सीमाओं का सीमांकन भी जल्दबाजी में किया गया। इसके लिए सर सिरिल रेडक्लिफ को केवल पांच सप्ताह का समय दिया गया।

### कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने

इस विशेष पाठ के जारी होते ही कांग्रेस और भाजपा के बीच तीखी सियासी बहस शुरू हो गई है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पाठ पर आपत्ति जताई और कहा कि यह इतिहास को तोड़-मरोड़कर पेश करने की कोशिश है। इस पर भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि बंटवारा एक कड़वा सच है, जिसमें लाखों लोग मारे गए। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने बंटवारे को स्वीकार कर देश को जलाया। शाहनवाज ने कहा कि आजादी की बात होती है, लेकिन बंटवारे की जिम्मेदारी कोई नहीं लेता। बच्चों को यह जानने का हक है कि उस दौर में क्या हुआ। कांग्रेस की आलोचना पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने भी तीखा बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी को इतिहास की सच्चाई जानने का अधिकार है। पवन खेड़ा को इतिहास पढ़ना चाहिए कि बंटवारे का जिम्मेदार कौन था।

### नियमित पाठ्यपुस्तकों का हिस्सा नहीं

पाठ में सरदार वल्लभभाई पटेल के हवाले से कहा गया है कि भारत में स्थिति विस्फोटक हो गई। इसमें कहा गया कि भारत युद्ध का मैदान बन गया, और गृहयुद्ध की बजाय देश का विभाजन करना बेहतर था। इसमें महात्मा गांधी के रुख का हवाला देते हुए कहा गया है कि उन्होंने विभाजन का विरोध किया था, लेकिन कांग्रेस के फैसले का हिंसा से विरोध नहीं कर पाए। एनसीईआरटी ने दो अलग-अलग पाठ प्रकाशित किए हैं। इसमें छठी कक्षा से आठवीं (मध्य चरण) के लिए और नौवीं कक्षा से 12वीं (माध्यमिक चरण) के लिए एक-एक पाठ है। ये अंग्रेजी और हिंदी में पूरक पाठ हैं, नियमित पाठ्यपुस्तकों का हिस्सा नहीं हैं, और इनका इस्तेमाल परियोजनाओं, पोस्टरों, चर्चाओं और वाद-विवादों के माध्यम से किया जाना है। दोनों पाठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2021 के संदेश के साथ शुरू होते हैं, जिसमें विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की घोषणा की गई है।

---

### कोलकाता पुलिस ने 'द बंगाल फाइल्स' के ट्रेलर को रोका




**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने 1946 के कलकत्ता दंगों पर आधारित विवादास्पद फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' का ट्रेलर शनिवार को जारी किए जाने से रोक दिया। इसके निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने यह दावा किया। फिल्म का ट्रेलर दोपहर में महानगर के एक पांच सितारा होटल में जारी किया जाना था। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। अग्निहोत्री ने हालांकि आरोप लगाया कि यह लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला है, क्योंकि सेंसर बोर्ड ने फिल्म को मंजूरी दे दी थी और कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इस पर लगे प्रतिबंध पर स्थगन आदेश दे दिया था। 'द बंगाल फाइल्स' 1940 के दशक के दौरान अविभाजित बंगाल में हुई सांप्रदायिक हिंसा पर आधारित है।

### ईडी ने तमिलनाडु के मंत्री के परिसरों पर छापे मारे

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में शनिवार को तमिलनाडु के मंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता आई. पेरियासामी और उनके विधायक पुत्र आई. पी. सेंथिल कुमार से जुड़े परिसरों की तलाशी ली। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह छापेमारी धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत चेन्नई और डिंडीगुल में की जा रही है। पेरियासामी राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री हैं। पेरियासामी डिंडीगुल जिले के अठूर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। धन शोधन मामले की यह जांच मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा अप्रैल में दिए गए एक आदेश के बाद शुरू हुई।

---

## रूस-यूक्रेन संघर्ष: कुछ अहम मुद्दों पर नहीं बनी सहमति

# ट्रंप-पुतिन की मुलाकात, लेकिन युद्ध विराम पर नहीं बन पाई बात

**एजेंसी** | अलास्का (अमेरिका)

यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध को समाप्त कराने के लिए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में हुई बातचीत बेनतीजा रही और दोनों नेताओं के बीच कुछ अहम मुद्दों पर सहमति नहीं बन सकी। अलास्का में दोनों नेताओं के बीच बैठक के बाद पुतिन ने दावा किया कि यूक्रेन को लेकर 'सहमति' बनी है। इसके साथ ही उन्होंने यूरोप को चेतावनी दी कि वह प्रगति में कोई बाधा नहीं डाले। पुतिन के दावे के बाद ट्रंप ने कहा कि जब तक कोई समझौता नहीं हो जाता तब तक कुछ भी पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता। ट्रंप ने कहा कि वह पुतिन और उनके बीच हुई बातचीत की जानकारी देने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की तथा यूरोपीय नेताओं को बुलाएंगे। ट्रंप अनेक बार यूक्रेन को अमेरिका का समर्थन मिलने पर ऐतराज जता चुके हैं और पुतिन की प्रशंसा कर चुके हैं। उन्होंने व्हाइट हाउस में वापसी के पहले ही दिन पूरे विश्वास के साथ कहा था कि वह दोनों देशों के बीच युद्ध समाप्त कराएंगे।




*अलास्का में बातचीत के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन।*

### पुतिन ने की ट्रंप की प्रशंसा

पुतिन ने ट्रंप की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें यह स्पष्ट है कि उन्हें क्या हासिल करना है और वे अपने देश की समृद्धि के बारे में चिंता करते हैं, साथ ही वह यह भी समझते हैं कि रूस के अपने राष्ट्रीय हित हैं। मुझे उम्मीद है कि आज की सहमति न केवल यूक्रेन की समस्या के समाधान के लिए एक संदर्भ बिंदु बनेंगी, बल्कि रूस और अमेरिका के बीच व्यापारिक, व्यावहारिक संबंधों की बहाली की शुरुआत भी करेगी।

### बैठक बेहद फलदायी रही: ट्रंप

बैठक के बाद ट्रंप ने कहा कि हमारी बैठक बेहद फलदायी रही, कई मुद्दों पर सहमति बनी है, कुछ बचे हैं। कुछ उतने महत्वपूर्ण नहीं हैं। एक सबसे महत्वपूर्ण है और इस बात की संभावना है कि हम उसे भी सुलझा लेंगे। वहीं, पुतिन ने कहा कि ट्रंप इस बात को समझते हैं कि रूस के अपने हित हैं। उन्होंने कहा कि रूस और अमेरिका को पुराना अध्याय बंद करना चाहिए और सहयोग के रास्ते पर बढ़ना चाहिए।

### ट्रंप ने दिए भारत को राहत के संकेत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि हो सकता है कि अमेरिका रूस से कच्चा तेल खरीदना जारी रखने वाले भारत समेत अन्य देशों पर द्वितीयक शुल्क नहीं लगाए। ऐसी आशंकाएं थीं कि यदि अमेरिका ने द्वितीयक शुल्क लागू किया तो उससे भारत प्रभावित हो सकता था। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने यह बयान पुतिन के साथ एक महत्वपूर्ण शिखर बैठक के लिए अलास्का जाते समय 'एयर फोर्स वन' (विशेष विमान) में 'फॉक्स न्यूज' को दिया।

### चार वर्ष से चल रहा है युद्ध

रूस और यूक्रेन के बीच चार वर्ष से जारी युद्ध को रोकने के लिए ट्रंप हर हथकंडा अपना रहे हैं। कभी वह रूस पर कठोर आर्थिक प्रतिबंध लगाने की धमकी देते हैं तो वहीं उन्होंने ज्वाइंट बेस एल्मेंडोर्फ-रिचर्डसन में पुतिन का गर्मजोशी से स्वागत भी किया। सारी कवायद के बीच बैठक से ट्रंप को अपेक्षित परिणाम नहीं मिले तथा दोनों नेताओं ने पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर नहीं दिए। इस संबंध में एक ओर जहां अमेरिकी राष्ट्रपति समझौता कराने के अपने कौशल का प्रदर्शन करना चाहते थे, वहीं दूसरी ओर पुतिन एक ऐसे समझौते पर बातचीत करना चाहते थे, जो रूस के पक्ष में हो, यूक्रेन के नाटो में शामिल होने के प्रयास को रोके और अंततः यूक्रेन को मॉस्को के प्रभाव क्षेत्र में वापस ले आए।

---

## किश्तवाड़ में तीसरे दिन बचाव अभियान जारी

# अब तक 60 लोगों की मौत, 100 से अधिक घायल



**एजेंसी** | किश्तवाड़/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के सुदूर गांव चशोती में बादल फटने से मची तबाही के बाद शनिवार को लगातार तीसरे दिन बचाव और राहत अभियान जारी रहा। इस घटना में अब तक 60 लोगों की मौत और 100 से अधिक लोगों के घायल होने की पुष्टि हुई है।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात के साथ शुक्रवार देर रात आपदाग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया और बचाव व राहत कार्यों की समीक्षा की। अब तक 46 शवों की शिनाख्त हो चुकी है और शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। इस बीच, 75 लोगों के लापता होने की सूचना उनके परिवारों ने दी है। मृतकों में सीआईएसएफ के दो जवान और स्थानीय पुलिस के एक विशेष पुलिस अधिकारी शामिल हैं।

### 30 घंटे बाद जिंदा निकला मलबे में दबा सुभाष

चशोती गांव में करीब 30 घंटे मलबे के नीचे दबे रहने के बाद लंगर चलाने वाले सुभाष चंद्र को जीवित बचा लिया गया। सुभाष चिशोती में वर्षों से मचैल माता के तीर्थयात्रियों के लिए लंगर चला रहे थे।

---

## उच्चतम न्यायालय ने कहा...

# प्रत्येक करदाता को कारण बताओ नोटिस का जवाब देना आवश्यक

**एजेंसी** | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि करदाता को समन का अनुपालन करना होगा तथा केन्द्रीय या राज्य कर प्राधिकरण द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस का जवाब देना होगा। आयकर अधिनियम 1961 के तहत 'करदाता' से तात्पर्य किसी भी व्यक्ति या संस्था से है, जो अधिनियम द्वारा निर्दिष्ट कर भुगतान या किसी अन्य वित्तीय प्रतिबद्धताओं का कानूनी दायित्व रखता है। इस प्रकार, केंद्रीय और राज्य जीएसटी प्राधिकारियों द्वारा निर्णय के दोहराव को रोकने के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित करते हुए जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि केवल समन जारी करने से जारीकर्ता प्राधिकारी या प्राप्तकर्ता यह सुनिश्चित नहीं कर पाता कि कार्यवाही शुरू हो गई है।



न्यायालय का यह फैसला 'आर्मर सिक्योरिटी' की याचिका पर आया है। यह एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी है, जो सुरक्षा सेवाएं प्रदान करती है और दिल्ली जीएसटी प्राधिकरण के पास पंजीकृत है। यह कंपनी कर मांगों और जांच से संबंधित विवाद में शामिल है।

### फिल्म 'होमबाउंड' ने मेलबर्न में जीता शीर्ष पुरस्कार

**एजेंसी** | मेलबर्न

फिल्म निर्माता नीरज घेवान की फिल्म 'होमबाउंड' ने इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2025 के पुरस्कार समारोह में अपना दबदबा कायम रखा और सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता।

ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जान्हवी कपूर अभिनीत फिल्म ने शुक्रवार रात वार्षिक समारोह में यह पुरस्कार हासिल किया, जो वैश्विक मंच पर भारतीय सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों को सम्मानित करता है।

### नंद के आनंद भयो...




*मथुरा में जन्माष्टमी के अवसर पर सजा श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर और भक्तों का उमड़ा सैलाब।*

---

## आमजन को राहत की कवायद

# दिवाली तक लागू हो सकती है नई जीएसटी व्यवस्था

**एजेंसी** | नई दिल्ली

जीएसटी कर में प्रस्तावित सुधारों को 'अगली पीढ़ी का जीएसटी' बताते हुए वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि दो स्लैब वाली कर व्यवस्था क्रमिक रूप से एकल बिक्री/सेवा कर दर का रास्ता खोलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि 2047 तक एकल कर स्लैब हो सकता है। जीएसटी की संशोधित व्यवस्था दिवाली तक लागू हो जाने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित नई जीएसटी व्यवस्था, जिसमें कर दरों को कम करते हुए केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो स्लैब निर्धारित किए गए हैं, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी और शुल्क के खतरों को भी कम करने में मदद करेगी।

अगर जीएसटी परिषद द्वारा प्रस्तावित दो स्लैब वाली व्यवस्था को मंजूरी मिल जाती है, तो यह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था के मौजूदा चार स्लैब की जगह ले लेगी। इसके साथ ही 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे सभी सामान्य उपयोग की वस्तुएं निम्न कर श्रेणी में आ जाएंगी, जिससे कीमतों में कमी आएगी और उपभोग को बढ़ावा मिलेगा।




### जीएसटी के नए मसौदे पर राजनीति तेज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाल में घोषित व्यापक जीएसटी सुधारों के बाद कांग्रेस ने एक चर्चा पत्र जारी करने की मांग की और कहा कि वह पिछले ढाई साल से जीएसटी व्यवस्था में बुनियादी बदलाव की मांग कर रही है। सरकार का तर्क है कि अगर कांग्रेस अब इस मुद्दे पर 'लेक्चर' देती है, तो यह केवल उसका पाखंड दिखाएगा, क्योंकि उसके वित्त मंत्री भी जीएसटी काउंसिल का हिस्सा हैं और हर फैसले में शामिल रहते हैं।

### वित्त मंत्रियों के समूह को भेजा प्रस्ताव

केंद्र सरकार ने जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए राज्यों के वित्त मंत्रियों के समूह को अपना यह प्रस्ताव भेजा है। इसमें 12 और 28 प्रतिशत की मौजूदा कर दरों को हटा दिया गया है। वहीं, संशोधित जीएसटी व्यवस्था में दो कर स्लैब के अलावा विलासिता एवं नुकसानदेह वस्तुओं के लिए 40 प्रतिशत की एक विशेष दर रखने का प्रस्ताव रखा गया है। अब मंत्रियों का समूह इस प्रस्ताव पर चर्चा करेगा और उसके आधार पर अपनी अनुशंसा जीएसटी परिषद के समक्ष रखेगा।

### अभी ये हैं जीएसटी की दरें

फिलहाल आवश्यक खाद्य वस्तुओं पर 0% जीएसटी लगाया जाता है, जबकि दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर पांच प्रतिशत, मानक वस्तुओं पर 12 प्रतिशत, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों एवं सेवाओं पर 18% और विलासिता एवं नुकसानदेह वस्तुओं पर 28% जीएसटी लगाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर संबोधन के दौरान दिवाली तक जीएसटी दरों में कमी किए जाने की घोषणा करते हुए कहा है कि इससे आम लोगों और छोटे एवं मझोले उद्योगों को राहत मिलेगी।

---

## 16 दिन में 20 जिलों में जाएंगे

# राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' आज से

**एजेंसी** | सासाराम (बिहार)

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 'वोट चोरी' के खिलाफ रविवार से यहां 'वोटर अधिकार यात्रा' शुरू करेंगे, जिसमें बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और 'इंडिया' गठबंधन के कई अन्य नेता शामिल होंगे।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की इस यात्रा में बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे को भी उठाया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि इस यात्रा में 16 दिन में 20 जिलों में कुल 1,300 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'हम वोटर अधिकार यात्रा लेकर जनता के बीच आ रहे हैं। यह सबसे बुनियादी लोकतांत्रिक अधिकार 'एक व्यक्ति, एक वोट' की रक्षा की लड़ाई है। संविधान को बचाने के लिए बिहार में हमारे साथ जुड़िए।



फर्स्ट इंडिया समूह की सरस बाल गोपाल प्रतियोगिता में 250 बच्चों ने भाग लिया

# नन्हे राधा-कृष्ण ने मनमोहक मासूम अदाओं से जीता दिल



संबोधित करते डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा।

बेधड़क | जयपुर

फर्स्ट इंडिया मीडिया ग्रुप' द्वारा 'स्टूडियो बिग बॉस' के सहयोग से जन्माष्टमी के अवसर पर आरआईसी में 'सरस बाल गोपाल प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस मौके पर 250 बच्चों ने कान्हा और राधा के रूप में सजीव रूप धारण कर अपनी मासूमियत, सहजता और मनमोहक अदा से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. प्रेमचंद बैरवा रहे, जबकि झाबर सिंह खर्रा, आरसीडीएफ की एमडी श्रुति भारद्वाज, डॉ. समित शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा, विधायक बालमुकुंद आचार्य, महापौर सौम्या गुर्जर और महंत कैलाश शर्मा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने भगवान कृष्ण के जीवन को एक दर्शन के रूप में साझा किया। कार्यक्रम का संचालन श्वेता मिश्रा अवस्थी ने किया। कार्यक्रम का समापन आरसीडीएफ एमडी श्रुति भारद्वाज के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर फर्स्ट इंडिया न्यूज के एडिटर जिनेंद्र सिंह शेखावत, सच बेधड़क अखबार के संपादक मनोज माथुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बच्चों के प्रदर्शन का मूल्यांकन महेंद्र सुराणा, वर्तिका जैन, सरिता द्विवेदी और रेणु सिंह ने किया। विजेता रहे 29 बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए।



आरती उतारतीं सौम्या गुर्जर। साथ में हैं डॉ. प्रेम चंद बैरवा, झाबर सिंह खर्रा, पवन अरोड़ा, श्रुति भारद्वाज और डॉ. समित शर्मा। फोटो: राजेश कुमावत-संतोष शर्मा



मंत्री झाबर सिंह खर्रा का स्वागत करते पवन अरोड़ा।



विधायक गोपाल शर्मा का स्वागत करते पवन अरोड़ा।



महंत कैलाश शर्मा का स्वागत करते पवन अरोड़ा। साथ में हैं जिनेंद्र सिंह शेखावत और मनोज माथुर।



प्रतियोगिता में कृष्ण बना बालक।



डॉ. समित शर्मा का स्वागत करते पवन अरोड़ा।



विधायक बालमुकुंद आचार्य का स्वागत करते पवन अरोड़ा।



पवन अरोड़ा, डा. प्रेम चंद बैरवा, झाबर सिंह खर्रा, विधायक बालमुकुंद आचार्य, गोपाल शर्मा, श्रुति भारद्वाज, डॉ. समित शर्मा, मेयर सौम्या गुर्जर, जिनेंद्र सिंह शेखावत, महेंद्र सुराणा और रेनू सिंह बच्चों के साथ।



वर्तिका जैन, महेंद्र सुराणा, सरिता द्विवेदी और रेनू सिंह।

स्वतंत्रता दिवस-2025 पर फर्स्ट इंडिया न्यूज ऑफिस में ध्वजारोहण

# नागरिक सिविल सोल्जर के रूप में निभाएं जिम्मेदारी

बेधड़क | जयपुर

फर्स्ट इंडिया न्यूज ऑफिस में स्वतंत्रता दिवस-2025 का जश्न देश भक्ति के जज्बे के साथ मनाया गया। फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ व मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पवन अरोड़ा ने कहा कि ये जो शान से तिरंगा लहरा रहा है यह केवल इस बात का प्रतीक नहीं होना चाहिए कि हमको विरासत में आजादी मिली, बल्कि हमारे प्रयास ऐसे होने चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां इस बात पर गर्व कर सकें कि हमने इस स्वतंत्र राष्ट्र को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाया। अखंड और अक्षुण्य रखा। उन्होंने कहा कि देशभक्ति व देशप्रेम की अभिव्यक्ति साल में दो बार केवल रस्मी तौर पर नहीं होनी चाहिए, बल्कि हमारे रोजमर्रा के जीवन में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में निरंतर होनी चाहिए। हमारे अमर शहीद जवान, स्वतंत्रता सेनानी थे, उनकी कुर्बानियों से जो ये कीमती आजादी हमें मिली है उसका मान रखते हुए आज के माहौल में हमें देश की आर्थिक उन्नति, सामाजिक उत्थान, देश की राष्ट्रीय सुरक्षा, सभ्यता और संस्कृति के मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। प्रत्येक नागरिक को एक सिविल सोल्जर के रूप में बिना सरहद पर गए हुए...जहां हैं वहीं उस रूप में देश को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इस मौके पर फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल, फर्स्ट इंडिया समाचार पत्र, सच बेधड़क हिंदी दैनिक अखबार और फर्स्ट इंडिया प्लस ओटीटी की टीम मौजूद रही। कार्यक्रम में प्रताप नगर स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के स्टूडेंट्स ने तबला और हारमोनियम पर मधुर संगीत प्रस्तुत किया।

अंत में टोकियो में सभी ने गेट टू गेदर करते हुए शानदार डिशेज का लुत्फ उठाया। यहां डॉ. जगदीश चंद्र भी पहुंचे। डॉ. जगदीश चंद्र और पवन अरोड़ा ने पूरे परिवार को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। समारोह में सुपर सिंगर प्लस राजस्थान के गायक सुनील शर्मा ने देशभक्ति गीतों से मंत्रमुग्ध कर दिया। फर्स्ट इंडिया प्लस ओटीटी पर रसोई प्लस विद द वर्तिका की होस्ट वर्तिका जैन ने विशेष रूप से तैयार हस्तनिर्मित तिरंगा केक पेश किया।



स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करते पवन अरोड़ा। साथ में हैं राजेंद्र छाबड़ा, जिनेंद्र सिंह शेखावत, डॉ. देवेंद्र पाठक, रेनू सिंह, श्वेता मिश्रा अवस्थी, नंदिनी अग्रवाल, मुकेश आडवाणी और ऋषिकेश राजोरिया।



डॉ. जगदीश चंद्र का स्वागत करते पवन अरोड़ा। साथ में हैं जिनेंद्र सिंह शेखावत और श्वेता मिश्रा अवस्थी।



पवन अरोड़ा और डॉ. जगदीश चंद्र।



डॉ. जगदीश चंद्र, पवन अरोड़ा और महेंद्र सुराणा।



पवन अरोड़ा के साथ बाएं से मोहम्मद हसीन, मुकेश आडवाणी, रमेश, संदीप कुमावत, विवेक मणि, विनोद गोस्वामी, करीना शर्मा, विकास, ललित गंगवानी, दीपक सैनी, जिनेंद्र सिंह शेखावत, ऋषिकेश राजोरिया, आशीष अमन, हेमंत कटारिया, निशा स्वामी, रूमां कर, श्वेता मिश्रा अवस्थी, नंदिनी अग्रवाल, मुकेश शर्मा, राहुल शर्मा, निखिल राज, आदि जैन, विशाल माथुर, कमल पुरोहित, अंशुल और हेमंत शर्मा।



पवन अरोड़ा फर्स्ट इंडिया प्लस ओटीटी टीम के सदस्यों के साथ। बाएं से परी टिक्कीवाल, सौरभ अग्रवाल, संजीव कुमार, शांतनु वार्ष्णेय, वर्तिका जैन, जिनेंद्र सिंह शेखावत, महेंद्र सुराणा, प्रांजल जैन और ऋषिकेश राजोरिया।



स्वतंत्रता दिवस पर विचार व्यक्त करते पवन अरोड़ा। साथ में हैं जिनेंद्र सिंह शेखावत और श्वेता मिश्रा अवस्थी।



गायक सुनील शर्मा।



पवन अरोड़ा सच बेधड़क अखबार की टीम के सदस्यों के साथ। बाएं से कुलदीप सिंह जादौन, संतोष शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, जी.के. उपाध्याय, शिवराज गुर्जर, पंकज सोनी, जिनेंद्र सिंह शेखावत, पूजा कांवलिया, हंसी बोरा, विमल सिंह तंवर और विनोद गोस्वामी।



पवन अरोड़ा के साथ बाएं से तृप्ति गौतम, अभिषेक श्रीवास्तव, विनोद सिंह चौहान, विमल सिंह तंवर, कुलदीप सिंह जादौन, जी.के. उपाध्याय, शिवराज गुर्जर, पंकज सोनी, जिनेंद्र सिंह शेखावत, विकास शर्मा, विमल कोठारी, डॉ. ऋतुराज शर्मा, कृष्ण मुरारी, डिंपल शर्मा और दिनेश डांगी।



पवन अरोड़ा फर्स्ट इंडिया अखबार की टीम के सदस्यों के साथ। बाएं से परी टिक्कीवाल, भाविका खुंटेटा, दिव्या कांवलिया, संतोष शर्मा, दिनेश माथुर, दिलीप सिंह सोलंकी, चंद्र प्रकाश, जिनेंद्र सिंह शेखावत, कविता पंत, मिताली दुसाद, रशपाल भारद्वाज, रामलाडु, रविंद्र प्रजापत और महेश शर्मा।



माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों तेजस शर्मा, सान्वी पारीक, स्वास्ति जैन, ग्रिंजल, उद्धव, देवांशी शर्मा, गर्वित शर्मा, मितांश गोयल, मृदुल शर्मा, मृदुल मीणा और गौरांग बोहरा को मिठाई और उपहार देते पवन अरोड़ा।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 17 अगस्त, 2025



"सच्चा नेतृत्व आदेश देने में नहीं, जोड़ने में है, जहां संवेदनशीलता अधिकार को विश्वास में बदल देती है !
-डॉ. जगदीश चंद्र, सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ

# 79वां स्वतंत्रता दिवस: फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल में फहराया तिरंगा




**बेधड़क. जयपुर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल के ऑफिस में झंडारोहण समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर फर्स्ट इंडिया न्यूज चैनल के सीईओ और मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा ने ध्वजारोहण किया और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पवन अरोड़ा के साथ (बाएं से दाएं) निशा स्वामी, परी टिक्कीवाल, करीना शर्मा, तृप्ति गौतम, हिमाद्री शर्मा, शिखा शर्मा, पूजा कांवलिया, हंसी बोरा, पूजा, भाविका खुंटेटा, चार्वी कुमावत, सिमरन मंसूरी, श्वेता मिश्रा अवस्थी, जिनेन्द्र सिंह शेखावत, कविता पंत, दिव्या कांवलिया, नंदिनी अग्रवाल, आयुषी महर्षि, प्रांजल जैन, रूमां कर, डिंपल शर्मा और मंजुला।

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री का चित्तौड़गढ़ दौरा

# 'अमरा भगत स्थल के विकास में देंगे सहयोग'

## ■ गजेंद्र सिंह शेखावत बोले- अनगढ़ बावजी के विकास की योजना केंद्र को भेजे राज्य सरकार





जन्माष्टमी पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने मेवाड़ के कृष्णधाम श्री सांवलियाजी मंदिर में दर्शन किए। उनके साथ पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री श्रीचंद कृपलानी भी मौजूद रहे।

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और श्री 1008 अमरा भगत जी के 183वें जन्मोत्सव समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। शेखावत ने कहा कि राजस्थान की लोक-संस्कृति समाज कल्याण की ओर अग्रसर करती है। संत अमरा भगत जी को समर्पित यह सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजन भी लोक कल्याण का ही उद्देश्य रखता है।

गजेन्द्र सिंह शेखावत ने समारोह में कहा कि अनगढ़ बावजी का यह स्थान आस्था का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। अमरा भगत की धूणी एक ऐतिहासिक और धार्मिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण जगह है, जिसके दर्शन करने के लिए देशभर से लोग आते हैं। शेखावत ने समारोह में उपस्थित राजस्थान के सहकारिता मंत्री गौतम दक से कहा कि वे इस धार्मिक स्थल के विकास की एक समग्र योजना बनाएं। यह योजना राज्य सरकार से तैयार करवा कर केंद्र सरकार को भेजी जाए, जिससे इसका विकास हो सके। अगर उन्हें इस स्थान के लिए कुछ करने का अवसर मिला तो वे खुद को भाग्यशाली मानेंगे।

### पैनोरमा के लिए बजट दिलवाने का प्रयास

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने बताया कि अनगढ़ बावजी के स्थान पर एक पैनोरमा बनाया जा रहा है, लेकिन पिछली सरकार ने उसका बजट कम कर दिया था। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे इसे भव्य बनाने के लिए पूरा बजट दिलवाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि यह स्थल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद करेगा। शेखावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी।

## जयपुर एयरपोर्ट पर ध्वजारोहण...



**जयपुर।** जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्वतंत्रता दिवस पर एयरपोर्ट डीआईजी, नॉर्थ जोन विनय काजला ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर जयपुर एयरपोर्ट के कमांडेंट/सीएएसओ, प्रभारी नवीन भगत व ग्रुप कैप्टन (सेवानिवृत्त) एम. इमरान खान, महाप्रबंधक (टर्मिनल एवं लैंडसाइड), जेआईएएल भी मौजूद रहे।



स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान एयरपोर्ट डीआईजी, नॉर्थ जोन विनय काजला के साथ डॉ. जगदीश चंद्र।



ग्रुप कैप्टन (सेवानिवृत्त) एम. इमरान खान, महाप्रबंधक (टर्मिनल एवं लैंडसाइड), जेआईएएल के साथ डॉ. जगदीश चंद्र।

वासुदेव देवनानी की उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट

# महाना ने राजस्थान विधानसभा के नवाचारों की प्रशंसा की

## ■ विधानसभा भवन, संग्रहालय और कांस्टीट्यूशनल क्लब का किया अवलोकन




विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना के साथ शिष्टाचार भेंट करते हुए।



उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना को राजस्थान विधानसभा का भ्रमण कराते विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी।

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से शनिवार को विधानसभा परिसर में उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों अध्यक्षों के बीच विधायिका की चुनौतियों, लोकतांत्रिक परंपराओं और प्रभावी संसदीय कार्यप्रणाली को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। देवनानी ने राजस्थान विधानसभा की विशेषताओं, नवाचारों, ऑनलाइन व पेपरलेस प्रक्रिया और पारदर्शी कार्यशैली की जानकारी दी। महाना ने विधानसभा की स्थापत्य संरचना, डिजिटल कार्य प्रणाली और विकसित आधुनिक व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने विधानसभा संग्रहालय का भी दौरा किया, जहां उन्होंने संसदीय धरोहर, संविधानिक इतिहास और लोकतांत्रिक परंपराओं से जुड़े दस्तावेज़ों का अवलोकन किया। दोनों अध्यक्षों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती के लिए अनुभव साझा करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विधानसभाओं की कार्यप्रणाली से जुड़े अनुभवों का आदान-प्रदान राज्यों के बीच सहयोग को और सुदृढ़ करेगा। देशभर की विधानसभाओं में आपसी समन्वय और संवाद लोकतंत्र को मजबूत करने में सहायक होगा।

### भारतीय समृद्ध परंपराओं को दिया जा रहा है बढ़ावा

देवनानी ने महाना को बताया कि राजस्थान विधानसभा में भारतीय नव वर्ष के अनुसार वार्षिक डायरी का प्रकाशन किया गया है। विधानसभा में कारगिल शौर्य वाटिका का निर्माण किया गया है। विधानसभा के राजनीतिक आख्यान संग्रहालय में राजस्थान के महापुरुषों और विभिन्न क्रांतियों से संबंधित जानकारियां तथा संवैधानिक दीर्घा के नवाचार भी समावेशित किए गए हैं। देवनानी ने महाना को क्लब का अवलोकन भी करवाया। इसके साथ ही देवनानी ने महाना को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिह्न भेंट कर तथा दुपट्टा व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

बेधड़क FIRST

## RCA एडहॉक कमेटी ने उतारे 30 'पैराशूटर क्रिकेटर'

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) की एडहॉक कमेटी एक बार फिर चयन प्रक्रिया को लेकर विवादों में घिर गई है। चैलेंजर ट्रॉफी के लिए 12 अगस्त को घोषित 16-16 खिलाड़ियों की टीमों में चयन समिति की ओर से तय किए गए नामों पर देर रात एडहॉक कमेटी ने अपनी मर्जी से 30 पैराशूटर यानी सिफारिशी खिलाड़ियों को जोड़ दिया। इन सिफारिशी खिलाड़ियों को अलग-अलग टीमों में एडजस्ट कर पहले से चयनित खिलाड़ियों को बाहर कर दिया गया वो भी यो-यो टेस्ट के नाम पर। चौंकाने वाली बात यह रही कि नए जुड़े इन खिलाड़ियों का कोई फिटनेस टेस्ट नहीं हुआ। एडहॉक कमेटी ने चयन में पारदर्शिता का दावा किया था लेकिन अब वही कमेटी राजनीतिक दबाव के सामने झुकती दिख रही है। पिछले कार्यकाल की एडहॉक कमेटी भी चयन में दखलंदाजी को लेकर विवादों में रही थी और अब नई कमेटी भी उसी रास्ते पर चल पड़ी है। इस स्थिति में बड़ा सवाल है कि क्या प्रदेश के युवा और योग्य क्रिकेटरों को न्याय मिल पाएगा?

### सियासी गपशप!

राजधानी की सत्ताधारी पार्टी में इन दिनों संगठन को लेकर गुपचुप खींचतान चल रही है। खासतौर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष को लेकर प्रदेश नेतृत्व की नाराजगी खुलकर सामने आने लगी है। बीते दिनों हुए दो बड़े आयोजनों में जिला अध्यक्ष की मौजूदगी से पार्टी के संगठन प्रमुख ने खुद को दूर रखा। पहला कार्यक्रम बिड़ला सभागार में तिरंगा अभियान से जुड़ा था, जबकि दूसरा आयोजन स्वतंत्रता दिवस पर बड़ी चौपड़ पर हुआ। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि स्वतंत्रता दिवस के आयोजन में पहली बार पार्टी प्रमुख नहीं पहुंचे, जबकि कुछ देर बाद ही उसी इलाके में एक अन्य कार्यक्रम में शामिल हो गए। बताया जा रहा है कि यह नाराजगी सोशल मीडिया पर फैली आउट सूची के विवाद के बाद और गहरी हो गई है। सरल और सहज माने जाने वाले प्रदेश संगठन नेतृत्व का इस तरह नाराज होना किसी सामान्य घटना की ओर इशारा नहीं करता। अब देखना यह है कि संगठन में यह तनाव किस ओर जाता है।

### सम्राट पर अशोक!

15 अगस्त को झंडारोहण के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का एक अनोखा रूप देखने को मिला। जयपुर की ऐतिहासिक गलियों में चाय और कचौरी का स्वाद लेते हुए वे आम लोगों के बीच नजर आए। स्वतंत्रता दिवस पर बड़ी चौपड़ पर ध्वजारोहण के बाद गहलोत चौड़ा रास्ता पहुंचे जहां उन्होंने मशहूर सम्राट कचौरी वाले की दुकान पर चाय-कचौरी का आनंद लिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं, विधायकों और आम नागरिकों के साथ गहलोत दुकान के बाहर कुर्सी पर बैठ गए। उनका यह सादा और अपनापन भरा अंदाज देखने के लिए राह चलते लोग भी रुक गए। खास बात यह रही कि युवाओं में गहलोत के साथ सेल्फी लेने का उत्साह खूब देखा गया। जयपुर की गलियों में इस अंदाज ने गहलोत की जमीन से जुड़ी छवि को एक बार फिर सामने ला दिया।

### स्वाधीनता का पर्व और पिता-पुत्र!

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जयपुर की बड़ी चौपड़ पर एक खास नजारा देखने को मिला जब अशोक गहलोत और उनके बेटे वैभव गहलोत एक ही मंच पर साथ नजर आए। पिता-पुत्र की जोड़ी ने आजादी का पर्व जयपुरवासियों के बीच पूरे उत्साह और सम्मान के साथ मनाया। दोनों ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाते हुए स्वतंत्रता दिवस के महत्व को सार्थक रूप में प्रस्तुत किया। गहलोत की उपस्थिति से कार्यक्रम स्थल पर मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खासा जोश और ऊर्जा देखने को मिली। एक साथ मंच साझा करते हुए दोनों नेताओं की जुगलबंदी ने साफ किया कि राजनीतिक मंच पर भी परिवार की एकता का संदेश कितना मजबूत होता है।

केंद्रीय मंत्री का कांग्रेस पर बड़ा आरोप

# पहले राम को नकारा, अब भर्तृहरि का कर रहे अपमान: यादव



अलवर के श्रीकृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।

**बेधड़क** | अलवर

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने पहले भगवान राम के अस्तित्व को नकारा था और अब भर्तृहरि का अपमान कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने राजस्थान सरकार द्वारा खैरथल-तिजारा जिले का नाम बदलकर भर्तृहरि नगर करने के प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने का बचाव किया। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी राम-विरोधी मानसिकता के कारण इस कदम का विरोध कर रही है। मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद जिले का नाम बदलने की अधिसूचना जारी कर दी जाएगी। वहीं, यादव ने अलवर में जन्माष्टमी पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में की शिरकत की। यादव ने रामगढ़, अलवर के श्री कृष्ण मंदिर में आयोजित जन्माष्टमी कार्यक्रम के अवसर पर भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना कर अलवर की समृद्धि की प्रार्थना की।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।